

**इफ्तार** मंगलवार
सुन्नी : 6:11
शिया : 6:21

**सहरी** बुधवार
सुन्नी : 5:14
शिया : 5:08

## जिले में आज

- टीईटी अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन सुबह 9 बजे से।
- डायट परिसर में प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से।
- गांधी स्टेडियम में संचालित सरस मेला का समापन दोपहर 1 बजे।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम काशीराम आवास ईदगाह कॉलोनी में दोपहर 12 बजे से।
- यूपी बोर्ड में हाईस्कूल में एनसीसी का पेपर सुबह 8 .30 बजे में
- मोहल्ला दुर्गाप्रसाद स्थित बालाजी मंदिर में दरबार दोपहर 12 बजे।
- समस्त राशन की दुकानों पर राशन सुबह 8 बजे से।

# उत्तराखंड एवं बरेली के चोर कर रहे थे घटनाएं, 6 गिरफ्तार

## पुलिस ने सोने-चांदी के जेवरात और नकदी की बरामद, सुनगढ़ी और कोतवाली क्षेत्र की दो घटनाओं का किया खुलासा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर के बंद मकानों में चोरी की घटनाओं को उत्तराखंडऔर बरेली के शातिर अंजाम दे रहे थे। स्थानीय स्तर पर भी कुछ साथी उनके मददगार बनकर गिरोह में शामिल थे। सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने गिरोह के छह साथियों को धर दबोचा। इसमें दो महिलाएं भी शामिल निकली। जबकि एक साथी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने चांदी के लाखों के जेवरात और नकदी बरामद की गई। एसपी ने खुलासा किया। आरोपियों को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

बीते कुछ दिनों से शहर के बंद मकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहास था। कोतवाली क्षेत्र के तिरुपति गोल्डन कॉलोनी निवासी व्यापारी धीरज अग्रवाल के बंद मकान को निशाने पर लेकर 14 फरवरी को चार लाख रुपये व अन्य कुछ सामान चोर समेट ले गए थे। इसके ठीक तीन दिन बाद दूसरी वारदात सुनगढ़ी क्षेत्र के बल्लभनगर कॉलोनी में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी गजेंद्रपाल सिंह के पुत्र हरीश कुमार के मकान में हुई थी। यहां से चोर नकदी जेवरात मिलाकर करीब 60 लाख कीमत का सामान समेट ले गए थे। घटनाओं के बाद पुलिस बंदोबस्त पर सवाल उठाए जा रहे थे।एसपी सुकीर्ति यादव मिश्रा ने घटनाओं के खुलासे के लिए टीमें गठित की। टीमों ने सुरागरसी की और फिर पुलिस को चुनौती दे रहे गिरोह तक पहुंच गई।





गिरफ्त में आरोपी और खुलासा करते एसपी सुकीर्ति माधव, एएसपी विक्रम दहिया।

> बीते दिनों सुनगढ़ी और कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो महिला समेत छह आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। नकदी-जेवरात समेत करीब 42 लाख की बरामदगी की गई है। चेन स्नेचिंग के एक मामले में नाबालिग आरोपी को भी गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> -सुकीर्ति माधव, एसपी।

### सफाईकर्मी की चेन उड़ाने वाला निकला नाबालिग

सुनगढ़ी क्षेत्र में 21 फरवरी को मोहल्ला मोहम्मद फारुख निवासी सफाईकर्मी मंजू पत्नी स्वर्गीय छोटेलाल की सोने की चेन उड़ा ली गई थी। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सुनगढ़ी पुलिस सुरागरसी कर रही थी। इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि आरोपी को रेलवे स्टेशन चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह नाबालिग निकला। उसके पास से लूटी गई चेन का टुकड़ा भी बरामद किया गया है। आरोपी को चालाल कर किशोर न्यायालय में पेश कर कार्रवाई की गई है।

### घटना से पहले महिलाएं करती थीं रैकी

पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की। इस दौरान सामने आया कि अभी इन घटनाओं में शामिल एक अन्य साथी फरार है, जिसकी धरपकड़ के लिए टीम लगाई गई है। दो महिलाएं भी गिरोह में शामिल थीं। महिलाएं पहले फेरी वाली या अन्य के बहाने रेकी किया करती थी। इसके बाद रात के वक्त घटनाओं को अंजाम दे दिया जाता था। सभी दिल्ली समेत अन्य स्थानों पर फरार होने की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गए। कुछ अन्य क्लू भी पुलिस को मिले हैं, जिसे लेकर टीमें सुरागरसी कर रही हैं।

- **अभी एक साथी पुलिस की पकड़ से दूर**

एसओजी और सर्विलांस टीम की मदद से कोतवाली व सुनगढ़ी पुलिस ने गिरोह के छह सदस्यों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के खटीमा थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती इस्लामनगर निवासी अकील पुत्र मुन्ने मंसूरी, रिजवान पुत्र फिदा हुसैन, सिम्मी बी पत्नी अकील, बरेली जनपद के थाना शेरगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला शिव मंदिर निवासी दीपक गुप्ता पुत्र होरीलाल, किरण गुप्ता पत्नी दीपक गुप्ता और सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम नौगवां पकड़िया निवासी मोहम्मद फैजान पुत्र बसरुद्दीन बताया।

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 23 तोला सोना, 2.871 किग्रा चांदी, 2.27 लाख रुपये की बरामदगी की। सोमवार शाम को पुलिस लाइन स्थित सभागार में प्रेसवार्ता कर दोनों घटना का खुलासा किया गया। इस दौरान एसपी के अलावा एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, सुनगढ़ी व कोतवाली पुलिस मौजूद रही।

## उधारी के रुपयों को लेकर बुजुर्ग से मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद क्षेत्र के गांव नाद पसियापुर निवासी लीलाधर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ समय पहले उन्होंने अपने मकान के निर्माण के लिए खमरिया पुल स्थित एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान से सामान खरीदा था। उस दौरान करीब 400 रुपये बाकी रह गए थे। सोमवार को वह साइकिल से फेरी लगाने के लिए खमरिया पुल गांव पहुंचे थे। इसी दौरान दुकान संचालक ने उन्हें अपने घर के अंदर बुला लिया। आरोप है कि वहां पहुंचते ही दुकानदार बकाया रुपये को लेकर अभद्रता करने लगा और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर बुजुर्ग के साथ मारपीट कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और किसी तरह बुजुर्ग को बचाया। मारपीट में घायल होने पर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर प्रदीप विश्नोई ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# युवक को कार ने मारी टक्कर, मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **न्यूरिया के जनकपुरी गांव के पास रविवार रात हुआ हादसा**
- **साले की लड़की की विदाई में शामिल होने जा रहा था युवक**

**अमृत विचार :** साले की बेटी की पहली विदा में जा रहे बाइक सवार युवक को कार ने टक्कर मार दी। जिसमें युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



लालता प्रसाद।

हादसा टनकपुर हाईवे पर न्यूरिया थाना क्षेत्र के जनकपुरी गांव के समीप रविवार रात हुआ। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नावकूड़ निवासी 39 वर्षीय लालता प्रसाद पुत्र दुर्जन लाल की ससुराल थाना न्यूरिया क्षेत्र के कस्बे में है। वह रविवार रात आठ बजे बाइक से ससुराल जाने के लिए घर से निकला था। क्योंकि उनके साले की बेटी की पहली विदा थी।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के जनकपुरी गांव के पास सामने से आ रही कार ने उसको टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि कार में सवार लोग हरदोई निवासी थे वह पूर्णागिरि के दर्शन कर लौट रहे थे। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गए। हादसे को देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। इधर किसी ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस से घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कार चालक कार चालक फरार हो गया।

हालांकि मौके पर एकत्र हुए राहगीरों ने उसकी वीडियो बना ली। सूचना मिलने पर थाना न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। मृतक मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि हादसा करने वाली कार के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली से आए डिप्टी जेलर नहीं मिल पाया परिवार

संवाददाता, बरखेड़ा

- **दुष्कर्म के आरोपी की लखनऊ के अस्पताल में मौत का मामला**

**अमृत विचारः** दुष्कर्म के आरोपी की लखनऊ के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिवार ने जेल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाया है। इधर, बरेली सेंट्रल जेल से डिप्टी जेलर मृतक के गांव पहुंचे लेकिन परिवार नहीं मिल सका।

बरखेड़ा थाने में 04 सितंबर 2022 को 11 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें ग्राम ज्योराह कल्यानपुर निवासी सर्वेश पुत्र तिलकराम को आरोपी बनाया गया था। मुकदमे में आरोपी सर्वेश पुत्र तिलकराम को सजा हुई। वह बरेली सेंट्रल जेल में बंद था। बीमारी के चलते उसे लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई थी। परिवार के सदस्यों ने जेल के अधिकारियों पर इलाज के लिए लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। मृतक के परिवार ने सूचना भी रिसीव नहीं की थी। सोमवार को बरेली सेंट्रल जेल से डिप्टी जेलर शिवाजी यादव मृतक के गांव पहुंचे लेकिन मकान में ताला लगा और परिवार वाले लापता थे। इसके बाद वह थाना बरखेड़ा आए और ग्रामीणों से वार्ता हुई। फिलहाल मामले को लेकर चर्चाएं तेज रहीं।

## जेसीबी चालक के साथ मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव पैनिया रामकिशन निवासी सुनील श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह दो माह से नैनीताल में जेसीबी चला रहे थे। सोमवार को वह नैनीताल से अपने घर आ रहे थे। गांव की पुलिया पर कोहलू के पास गांव के ही एक व्यक्ति ने नशे की हालत में रोका और गाली-गलौज करने लगा जब मैंने इसका विरोध किया तो उसने हमला कर पिटाई कर दी। आरोप है कि उसने उसकी आधा तोला की सोने की चेन भी छीन ली और वहां से भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि लूट के आरोप को गलत बताया है।

# दुकान में घुसकर मारपीट और की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते युवक ने साथियों संग दुकान में घुसकर मारपीट की। दुकान में तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी हिमांशु कनौजिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 फरवरी को मोहल्ला मोहम्मद वासिल के निकट वह दुकान पर बैठा था। आरोप है कि इस दौरान दानिश नाम का युवक अपने साथ तीन से चार लोगों को लेकर उसकी दुकान पर पहुंचा। आरोपी ने पुरानी कहासुनी को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। मारपीट भी की गई। शोर शराबे होने पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। आरोप है कि दानिश और उसके साथियों ने दुकान पर तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। आरोपियों के जाने के बाद घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक की तहरीर पर एक नामजद समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# युवती से बैग छीनकर भागे तीन बदमाश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बरेली हाईवे पर रविवार रात एक युवती से बैग छीनने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। ईको से उतरकर घर की ओर जा रही युवती को तीन बदमाशों ने निशाना बनाया और बैग छीनकर भाग गए। एसपी ने मौका मुआयना कर जानकारी की। मामले की जांच शुरू कर दी गई।

बरेली हाईवे पर टाइगर तिराहे के पास रविवार रात करीब साढ़े दस बजे घटना हुई। सदर कोतवाली क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी निवासी नफीस मियां की पुत्री बुसरा बरेली से ईको से पीलीभीत आई थी। युवती के अनुसार चालक ने उसे टाइगर तिराहे से करीब 50 मीटर पहले उतार दिया था, जिसके बाद वह पैदल ही तिराहे की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान रास्ते में अचानक तीन युवक पहुंचे और उसके हाथ से बैग छीन लिया। युवती कुछ समझ पाती, उससे पहले ही आरोपी देवहा नदी किनारे की झाड़ियों की तरफ भाग निकले।



घटना स्थल का निरीक्षण करते एसपी सुकीर्ति माधव व सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी।

- **बरेली हाईवे पर पहुंचे एसपी, चलाया चेकिंग अभियान**

बदमाशों के भागने के बाद युवती ने शोर मचाया। उसी समय एक परिचित युवक स्कूटी से वहां से गुजर रहा था, जिसने उसे घर तक छोड़ दिया। घर पहुंचकर युवती ने पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी सुकीर्ति माधव, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी और इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के इलाके का निरीक्षण किया।

युवती से घटना की जानकारी ली और आसपास चेकिंग अभियान चलवाया, लेकिन आरोपियों का सुराग नहीं लगा। पीड़िता ने बताया कि छीने गए बैग में मोबाइल फोन और करीब 300 रुपये थी। थाना सुनगढ़ी में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यातायात नियमों का करें पालन

**पीलीभीत, अमृत विचारः** डिवाइन कॉलेज में सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई। विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी डॉ.हरचरन लाल ने कराई। यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। अंजली, प्रिया सिंह, भारतवीर, पायल, पायल गंगवार, मेधा गंगवार, मुन्तहा, अभय राठौर, सुनील कुमार, शिवांगी वर्मा, प्रियांशी, दानिया, मानसी कश्यप, दीपिका रावत, चित्रा तिवारी, दीपा नेहा गंगवार, हेमन्त, यश गंगवार, मधु, संजना, पूजा आदि ने प्रतिभाग किया।


वर्तमान समय में औद्योगिक हब क्षेत्र भरा पचपेड़ा में कार्यरत परियोजना प्रबंधक आशीष कुमार सिंह ने अपने शादी के 14 वर्ष पूर्ण होने पर गांव के ही गरीब निर्धन लोगों को मिठाई एवं घरेलू सामग्री वितरित कर बड़ी ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई अपनी शादी की

चौदहवीं सालगिरह





आशीष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि वह गोरखपुर के रहने वाले हैं आज से 14 वर्ष पूर्व,गोरखपुर की ही रहने वाली निकिता सिंह से 24 फरवरी 2012 को विवाह सम्पन्न हुआ वर्तमान में उनके दो बच्चे हैं जिनका नाम रुद्राक्ष सिंह एवं विराज सिंह है, उन्होंने यह भी बताया की 14 वर्ष के लंबे समय में उनकी अर्धांगिनी ने हर सुख दुःख मे उनका पूरा साथ दिया, और आगे भी वह उनके हर सुख दुख में साथ खड़ी रहेंगी। भरा पचपेड़ा गांव में पहली बार कोई किसी बड़े पदाधिकारी ने गांव वालों के साथ मिलकर अपनी खुशियां मनाई जिसको गांव वालों ने खूब सराहना की और दोनों को मंगल कामना के साथ खूब शुभकामनाएं दी और भविष्य में दोनों जोड़ी की सलामती के लिए दुआएं दी।




**फायर सीजन** | बजट के अभाव में आधे-अधूरे मन से शुरू हुई फायर सीजन की तैयारियां, वन अफसरों की बढ़ी चिंताएं

# बजट का इंतजार, उम्मीद के भरोसे शुरू कराया काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन अफसर इन दिनों परेशानी में घिरे हैं। दरअसल टाइगर रिजर्व में फायर सीजन शुरू हो गया है। वनाग्नि की रोकथाम को लेकर सभी रेंजों में फायर कटिंग के साथ अन्य जरुरी कार्य किए जाने हैं। मगर, टाइगर रिजर्व को अब तक फायर सीजन से निपटने के लिए बजट ही जारी नहीं किया गया है। ऐसे में अब रेंज स्तरों पर बेहद जरुरी कार्य करवाकर जंगलों को आग से बचाने की कवायद की जा रही है। बिना बजट जंगलों को आग से बचाना वन अफसरों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। इस सबके बावजूद सभी रेंजों में आग से बचाव को लेकर आधे अधूरे मन से तैयारियां शुरू कर दी गई है।

> पीटीआर में फायर सीजन के मद्देनजर तैयारियां शुरू हो चुकी है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कंट्रोल रूम में कर्मिकों की ड्यूटी समेत अन्य कार्य शुरू कराए गए हैं। रेंज स्तर पर जरुरी कार्य कराने के लिए संबंधित क्षेत्रीय वनाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही फायर सीजन को लेकर बजट जारी किया जाएगा।
>
> -भरत कुमार डीके, प्रभारी डीएफओ, पीटीआर।

- **15 फरवरी से 15 जून तक पीटीआर में रहता है फायर सीजन**

जंगलों में 15 जून तक फायर सीजन रहता है। इस दौरान जंगलों में आग की घटनाएं अकसर प्रकाश में आती रहती है। जंगलों में लगने वाली आग से केवल वन संपदा ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों की भी मौतें हो जाती है। इधर फायर सीजन में इन जंगलों को आग से बचाना टाइगर रिजर्व प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होती है। इसके लिए जहां फायर सीजन से पहले व्यापक स्तर पर तैयारियां की जाती है, वहीं फायर सीजन के दौरान भी पर्याप्त मानव संसाधन और सतर्कता बरतनी होती है। टाइगर रिजर्व को आग से बचाने के लिए फायर सीजन के दौरान हर साल बड़ी संख्या में चार माह के लिए मानदेय पर फायर फायटर्स और श्रमिक रखे जाते हैं। इधर जंगलों में लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए शासन स्तर से तो पूर्व में ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

शासन की ओर से निर्देश जारी होने के बाद फायर सीजन के मद्देनजर टाइगर रिजर्व प्रशासन आधे-अधूरे मन से तैयारियों में जुट गया है। चुनौतियां ऐसी हैं कि विभाग के माथे पर अभी से चिंता की लकीरें पड़ना शुरू हो गई हैं। इन सबकी वजह शासन की ओर से फायर सीजन को लेकर मिलने वाला बजट हैं। दरअसल शासन स्तर से फायर सीजन को लेकर दिशा निर्देश तो जारी कर दिए गए हैं, मगर फायर सीजन में आग से निपटने के लिए टाइगर रिजर्व प्रशासन को धेला भी नहीं दिया गया।

### फायर सीजन में खर्च होते हैं 40 लाख

फायर सीजन के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज, बराही, माला, हरीपुर और दियोरिया रेंज में फायर कटिंग की जाती है। जंगल को आग से बचाने के लिए इन्हीं फायर कटिंग में आग लगाकर जंगल को सुरक्षित किया जाता है। सभी पांच रेंजों में करीब 200 फायर कटिंग की जानी है। इसके लिए फायर फाइटर्स और बड़ी संख्या में श्रमिकों की आवश्यकता होती है। क्रू स्टेशनों पर भी बड़ी संख्या में वनकर्मियों, वन वॉचरों की ड्यूटियां लगाई जानी है। मगर बजट का अभाव रोड़ा बना हुआ है। अब शासन का फरमान आने के बाद तैयारियां तो होनी ही है, ऐसे में अब सभी रेंजों में आधे-अधूरे मन से फायर सीजन को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। वन अफसरों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर फायर कटिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। उम्मीद है कि फायर सीजन को लेकर जल्द ही बजट किया जाएगा।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक
एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज
स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर
मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

# बच्चों की उपस्थिति कम मिलने पर बीएसए ने जताई नाराजगी

## बोर्ड परीक्षा के चार केंद्रों के साथ ही किया बेसिक स्कूलों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बच्चों से सवाल जवाब करती बीएसए रोशनी सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बीएसए रोशनी सिंह ने बोर्ड परीक्षा के दौरान सोमवार को चार परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इसके साथ ही बीएसए कंपोजिट स्कूलों की हकीकत परखने पहुंची तो दो स्थानों पर बच्चों की उपस्थिति कम मिली। इस पर नाराजगी जताते हुए शिक्षिकों की फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए गए। बच्चों से सवाल जवाब कर शिक्षा का स्तर परखा।

बीएसए पहले राजकीय इंटर कॉलेज पौटाकलां परीक्षा केंद्र पर पहुंची। उसके बाद महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज ज्योराह कल्याणपुर, बरखेड़ा के पंडित देवदत्त शर्मा इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरखेड़ा में गई। सभी जगह बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण चलती पाई गई। इसके बाद बीएसए कंपोजिट स्कूल ज्योराह कल्याणपुर पहुंची। यहां छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम मिलने पर शिक्षक स्टाफ से नाराजगी जताई। शिक्षकों को सख्त निर्देश दिए कि प्रतिदिन अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल में लाया जाए। परिषदीय स्कूलों में परीक्षाएं मार्च महीने में होनी है, ऐसे में छात्रों की उपस्थिति कम न हो। छात्र-छात्राओं से सवाल जवाब कर शैक्षिक गुणवत्ता को भी परखा। प्राथमिक स्कूल पौटाकलां में भी गई और व्यवस्थाएं चेक की। इसके बाद प्राइमरी स्कूल ब्रह्मदेव गौटिया पहुंची। यहां भी 61 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष मात्र 25 उपस्थित मिले। इस पर नाराजगी जताई और उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए।

● बच्चों से सवाल पूछकर शैक्षणिक स्तर को भी परखा

### अभिभावकों से मिलकर करें प्रेरित

बीएसए रोशनी सिंह ने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए गंभीरता दिखाई। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों की जिम्मेदारी भी तय की है।उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक के दौरान भी इस पर चर्चा की जाए। विद्यालय में प्रतिदिन बच्चों को भेजने के लिए अभिभावकों से मिलकर उन्हें प्रेरित किया जाए।

# अगले माह गरीब बेटियों के हाथ होंगे पीले

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत द्वितीय चरण का सामूहिक विवाह समारोह अगले माह के पहले या दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित हैं। सामूहिक विवाह समारोह को लेकर जिले से अब तक 4500 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला प्रशासन से हरी झंडी मिलने के बाद विभाग ने प्राप्त आवेदनों को सत्यापन के लिए ब्लाक व निकाय स्तर पर भेजना शुरू कर दिया है।

प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के साथ ही सामान्य वर्ग की गरीब बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत शासन ने प्रति जोड़ा एक लाख की धनराशि खर्च करने का निर्णय लिया है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगे। 25 हजार रुपये उपहार सामग्री पर खर्च किए जाएंगे। साथ ही सामूहिक विवाह के आयोजन पर 15 हजार रुपया प्रति जोड़ा खर्च किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में 466 बेटियों की शादी कराने का लक्ष्य तय किया है। जनपद में द्वितीय चरण का सामूहिक विवाह समारोह मार्च के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में प्रस्तावित हैं।

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अगले माह सामूहिक विवाह समारोह प्रस्तावित है। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। प्राप्त आवेदनों को सत्यापन के लिए भेजा जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा।
> –चंद्रमोहन विश्नोई, जिला समाज कल्याण अधिकारी।

जिला प्रशासन ने हरी झंडी मिलने के बाद समाज कल्याण विभाग सामूहिक विवाह समारोह को लेकर तैयारियों में जुट गया है। समाज कल्याण विभाग के मुताबिक द्वितीय चरण के सामूहिक विवाह समारोह को लेकर अब तक करीब 4500 आवेदन प्राप्त हुए है। समाज कल्याण विभाग द्वारा उन प्राप्त आवेदनों को सत्यापन के लिए संबंधित ब्लाकों के खंड विकास अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को भेजना शुरू कर दिया गया है, जिन आवेदनों की हार्ड कॉपी विभाग को प्राप्त हो चुकी है। द्वितीय चरण में कितने जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर से जो भी दिशा निर्देश दिए जाएंगें, उसके अनुसार ही विवाह संपन्न कराए जाएंगे।

# इंटर हाउस कंप्टीशन में अर्थ हाउस रहा विजेता



कंप्टीशन में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बल्लभनगर कॉलोनी स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल में भारत एक खोज विषय पर इंटर हाउस डिबेट कंपटीशन का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें सभी हाउस ने मिलकर प्रतिभाग किया।

अर्थ हाउस ने देश में किसानों की स्थिति अन्न के उत्पादन, भौगोलिक स्थिति के साथ अनाज के उत्पादन में आने वाले अंतर आदि के बारे में विस्तार से बताया। फायर हाउस ने भारत के विभाजन के समय कश्मीर का विभाजन और बाद में सभी 565 टेरिटरीज को कैसे सरदार बल्लभभाई पटेल के कड़ी मेहनत के बाद उन्हें एकजुट बना के विलय करके भारत को एक सम्पूर्ण राष्ट्र बनाया, इसके बारे में विस्तार से बताया।

सन हाउस ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के द्वारा डिस्कवरी ऑफ इंडिया के विषय, सन टेंपल, रानी की वार आदि के बारे में विस्तार से बताया। ओसियन हाउस ने इंडियन कल्चर एंड एस्ट्रोनॉमी के बारे में विचार रखे। इसमें अर्थ हाउस प्रथम, सन हाउस द्वितीय और फायर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। प्रबंधक सनी दीक्षित, प्रधानाचार्या रोज़ी दीक्षित ने आभार जताया।

# सीबीएसई बोर्ड : कॉपियों का होगा डिजिटल मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सीबीएसई ने इस वर्ष 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में मूल्यांकन प्रक्रिया को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल प्रणाली लागू किया गया है। नई व्यवस्था के तहत परीक्षक अब कॉपियों को पेन से नहीं बल्कि कंप्यूटर स्क्रीन पर ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम के माध्यम से जांचेंगे। इससे परिणाम अधिक विश्वसनीय होने के साथ गलतियों की संभावना भी कम होगी।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू हो चुकी हैं और 10 अप्रैल तक चलेंगी। वर्ष 2026 से 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन डिजिटल प्रणाली के जरिए किया जा रहा है। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर एनसी पाठक ने बताया कि बोर्ड ने ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम (ओएसएम) लागू किया है। इसके तहत मूल्यांकन प्रक्रिया तीन स्तरों पर होगी। जिसमें हेड एग्जामिनर, एसोसिएट हेड एग्जामिनर और मूल्यांकनकर्ता की निगरानी में पूरी की जाएगी। डिजिटल व्यवस्था में उत्तर पुस्तिकाएं स्क्रीन पर उपलब्ध होंगी, जिन्हें जूम और अन्य सुविधाओं की मदद से साफ-साफ देखा जा सकेगा। साथ ही प्रत्येक पन्ने की स्क्रीनिंग करना होगी। भले कॉपी का पेज खाली क्यों न हो। इसके बाद परीक्षक माउस के माध्यम से अंक देंगे और अंक सीधे डिजिटल पोर्टल पर दर्ज होंगे। इसके बाद कुल अंक अपने-आप जुड़ जाएंगे, जिससे गणना में गलती की संभावना कम रहेगी।

● ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से स्क्रीन पर जांची जाएंगी उत्तर पुस्तिकाएं

बोर्ड की ओर से यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कॉपियों का मूल्यांकन केवल अधिकृत मूल्यांकन केंद्रों पर ही किया जाएगा। इसके लिए सुरक्षित नेटवर्क और पंजीकृत आईपी एड्रेस का उपयोग होगा। हर मूल्यांकनकर्ता को केंद्र प्रभारी द्वारा यूजर आईडी और पासवर्ड दिया जाएगा, जिससे वह पोर्टल पर लॉगिन कर सकेगा। डिजिटल प्रणाली में अगर किसी प्रश्न का अतिरिक्त प्रयास किया गया है तो न्यूनतम अंक लाल रंग में दिखाई देंगे और जो विकल्प नहीं चुना गया होगा, उसे कुल अंकों में शामिल नहीं किया जाएगा। नकल या अनुचित साधनों के मामलों में उत्तर पुस्तिका को अस्वीकार भी किया जा सकता है। मूल्यांकन पूरा होने के बाद परीक्षक सबमिट और कन्फर्म विकल्प के माध्यम से अंक सर्वर पर सुरक्षित रूप से अपलोड करेंगे। इसके बाद अगली उत्तर पुस्तिका जांच के लिए स्क्रीन पर उपलब्ध हो जाएगी।

शिक्षकों को लॉगिन से जुड़ी जानकारी उनके ई-मेल पर भेजी जा रही है ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सके। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर एनसी पाठक के अनुसार, इस बार 12वीं की कॉपियां डिजिटल तरीके से जांची जाएंगी, जबकि 10वीं की कॉपियों का मूल्यांकन पेन से ही किया जाएगा।

# जसकौर ने बढ़ाया मान, मिला सम्मान

**पीलीभीत, अमृत विचारः** हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय रायपुर के अधिष्ठापन समारोह में पीलीभीत की बेटी जसकौर बिंद्रा ने सर्वोच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस सूर्यकांत के कर कमलों से बीए एलएलबी ऑनर्स में 11 स्वर्ण पदक और कुलाधिपति से एक विशेष गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जसकौर बिंद्रा अस्त्र शस्त्र कारोबारी जीएस बिंद्रा की पौत्री और अजीत सिंह बिंद्रा की पुत्री है। वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं, उसने अपनी लॉ की इंटर्नशिप दिल्ली में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल रूपिंदर सिंह सूरी व अन्य लॉ फर्मों से प्राप्त की। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय बेनहर पब्लिक स्कूल से की और लॉ की पढ़ाई रायपुर में पूरी की। वर्तमान में जसकौर दिल्ली में कॉरपोरेट सेक्टर में कार्यरत हैं।



जसकौर बिंद्रा।

# होली से पूर्व रसोइयों को मिलेगा मानदेय और साड़ी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रमुख त्योहार होली से पहले जनपद के परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के लिए राहत भरी खबर आई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की सभी 7668 रसोइयों के खातों में जनवरी 2026 माह का मानदेय तथा साड़ी यूनिफार्म हेतु धनराशि भेजी गई है।



दिव्या गुप्ता।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

## न्यूज डायरी

### होली मिलन में की मस्ती, कन्या की शादी के लिए दिए उपहार



**पीलीभीत, अमृत विचार :** अलायंस क्लब मधुबन मैत्री एवं मिलन की ओर से सोमवार को होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। नीनू सक्सेना एवं पायल सक्सेना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों को गुलाल लगाया गया। गुजिया खिला व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। होली से संबंधित अनेकानेक आकर्षक गेम खेले गए। सदस्यों ने होली के गानों पर जमकर डांस किया। क्लब द्वारा कन्या के विवाह के लिए सात हजार रुपये, साड़ियां, कम्बल, कपड़े, सुहाग का सामान, बर्तन, पर्स आदि उपहार दिया गया। इस मौके पर चार्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार, शशि मेनी, सोनी गुप्ता, कंचन, पंकज, सरोज, निशा, संगीता शुक्ला, कमलेश, सोनल, सृष्टि, रानी, पूनम, दीपा, सीमा सक्सेना, सीमा दीक्षित, अंजलि, सुनीता, बबिता आदि मौजूद रहे।



### साइबर क्राइम से बचने के उपाए बताए

**बिलसंडा, अमृत विचार :** साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने कृष्णा नरेश महाविद्यालय की छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाए बताए। धोखाधड़ी, साइबर ठगी, डाटा चोरी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साइबर क्राइम से पीड़ित के प्रति पुलिस कार्यशैली, हेल्पलाइन नंबर और शिकायत के तरीके, ऑनलाइन शिकायत के बारे में बताया। कहा कि साइबर क्राइम से बचने के लिए अज्ञात कॉल रिसीव न करने के साथ सुरक्षित बैंकिंग के लिए अपने फ़ोन या लैपटॉप में मजबूत गोपनीय पिन का प्रयोग करें। साइबर ठगी के शिकार पीड़ित सूझबूझ से काम लें। ठगी की सूचना तुरंत थाने में दें जिससे कि समस्या का त्वरित निस्तारण हो सके। इस दौरान थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा, आरक्षी कोमल सिंह, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



### ग्राम रम्पुरा में लगा एनएसएस शिविर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गन्ना कृषक महाविद्यालय पूरनपुर के एनएसएस इकाई का शिविर ग्राम रम्पुरा में चला। स्वयंसेवियों ने दीप प्रज्वलित करके शुरुआत कराई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा ने बताया कि सोमवार को इसकी थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रही। संचालन शाहिद खान ने किया। कहा कि आज की बेटी चांद पर पहुंच गई हैं। बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं। डॉ. रजिया ने भी विचार रखे। जागरुकता रैली निकाली गई। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज की सोच को बदलने का संकल्प है। बेटियां हमारे परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति हैं। अगर हम उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करें, तो वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर किया प्रेरित




**बिलसंडा, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय योजना सेवा के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन सोमवार को छात्र छात्राओं ने पर्यावरण दिवस मनाया। जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें पौधरोपण करने के साथ ही पेड़ों को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. वेदप्रकाश ने बताया कि वर्तमान समय में पेड़ लगाना आवश्यक ही नहीं बल्कि अति आवश्यक है। पेड़ों से प्राप्त ऑक्सीजन ही जीवन का आधार है। पर्यावरण संरक्षण राष्ट्र रक्षा है। छात्र छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. सतेंद्र कुमार, डॉ. नरेंद्र कुमार बत्रा, अनुजा अग्रवाल, सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## प्रधानमंत्री की फोटो की एडिट, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री की फोटो एडिट करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। जहानाबाद थाने में दी तहरीर में दरोगा ज्ञानचंद्र ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री की फोटो एडिट करने की जानकारी मिली। जब जांच की गई तो पता चला कि जहानाबाद क्षेत्र के विशेन गांव निवासी अरबाज नाम के युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से फोटो पोस्ट की थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

## डीपीआरओ का पुतला फूंकने की चेतावनी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप ने डीएम को शिकायत पत्र दिया। जिसमें 28 फरवरी तक जिले के सभी वार्ड मेंबर के निजी बैंक खातों में मानदेय भिजवाने की मांग की है। अमरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम विलासपुर और कैंचूटांडा के मजरा लक्ष्मीपुर में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध तरीके से कराए गए आवास निर्माण की जांच के लिए टीम गठित करने की मांग की। ऐसा न होने पर अठाईस फरवरी को रामलीला मैदान में पंचायत के बाद किसी चौराहा पर चक्का जाम किया जाएगा। डीपीआरओ के पुतला फूंकने की चेतावनी दी है।

# घरों से छू रहे बिजली के तार, रंग खेलते वक्त रखिएगा ख्याल

## घनी आबादी के बीच तारों का मकड़जाल, बाजार में भी कई जगह बिगड़े हालात, खुद ही रहें संभलकर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** होली पर्व नजदीक आ चुका है। रंगों की बौछार करने के लिए तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। इस उत्साह के बीच कई स्थानों पर पावर कॉरपोरेशन के जिम्मेदारों की अनदेखी से फैली अव्यवस्था चिंता बढ़ा रही है। मुख्य मार्गों के साथ ही घनी आबादी क्षेत्र में घरों की छत और छज्जों से सटकर बिजली के तार गुजर रहे हैं। इन छज्जों से ही बच्चे रंग खेलेंगे। ऐसे में कहीं बिजली के तारों से बचाने के लिए अभिभावकों को खुद ही ख्याल रखना होगा। लंबे समय बाद भी जर्जर और झूलते तारों की समस्या का समाधान नहीं कराया जा सका है।

शहर में जर्जर और झूलते तारों की समस्या सालों पुरानी है। कई इलाकों में बिजली के तार घरों से सटकर गुजर रहे हैं। जिसकी वजह से बारिश के बीच मकान में करंट भी उतर चुका है। इसकी शिकायतें भी विभागीय अधिकारियों के पास पहुंचती रही हैं। वहीं, छत के ऊपर से भी तार गुजरते हैं। गलियों में काफी नीचे तार लटक रहे हैं। वैसे तो जर्जर तारों को बदलने का काम साल भर से चल रहा है, लेकिन उसकी सुस्त चाल बनी हुई हैं। घनी आबादी में कई हिस्सों को छोड़-छोड़कर बंच केबिल डाली गई हैं। जिससे पूरी तरह से समस्या से निजात नहीं मिल सकी है।

होली का पर्व नजदीक आ चुका है। पर्व मनाने के लिए तैयारियां चल रही हैं। वहीं, कई इलाकों की तस्वीर बदतर बनी हुई है। बच्चे छतों और छज्जे पर खड़े होकर रंग की बौछार करेंगे। मगर, मुख्य बाजार चावला चौधरा, शिवनगर कॉलोनी, डोरीलाल, मोहतसिम खां, आसफजान, साहूकारा समेत कई घनी आबादी वाले इलाकों में घरों से सटकर ही तार गुजरे हैं। कुछ घर तो ऐसे हैं, जिनमें छज्जों के पास ही तारों का मकड़जाल है। जिसकी वजह से इन छज्जों पर रंग खेलते वक्त बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होगी। इसकी चिंता अभिभावकों को भी सता रही हैं।

उनका कहना है कि कई बार कहा गया लेकिन समस्या का समाधान जिम्मेदार नहीं कर सके हैं। अव्यवस्था के चलते हादसे का डर बना हुआ है। कुछ जगह मकान के बाहर ही खुले में ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। जिसके नजदीक खड़े होकर ही होली पर रंग छोड़ा जाएगा। मगर इसकी तस्वीर भी नहीं बदली जा सकी है।



जमुनी चौराहा के पास भवनों से छूकर गुजरते तारों के मकड़जाल। ● अमृत विचार



रेलवे स्टेशन रोड पर गैस चौराहा के पास छत से गुजर गुजरते तार। ● अमृत विचार



चावला चौराहा के पास मुख्य मार्ग पर झुका पोल। ● अमृत विचार

### झूलते तारों की भी समस्या बरकरार

बिजली के तारों की अव्यवस्थित हालत सिर्फ घरों के आसपास ही नहीं है। गलियों में झूलते तार से भी हादसे का डर बना हुआ है। मोहल्ला आसफजान, साहूकारा समेत कई इलाकों में गलियों में बिजली के तार काफी नीचे हैं। होली के हुड़दंग के बीच इसे लेकर भी खुद को सुरक्षित स्वयं ही रखना पड़ेगा। आसफजान की कुछ गलियों में ही अभी बंच लाइन डाली गई है। जबकि अन्य गलियों में तारों की नीचाई इतनी है कि हाथ उठाएं तो तारों में छू जाएगा। ये तार कई जगह से कटे हुए हैं। जिसकी वजह से करंट लगने का डर है। इसका भी समाधान नहीं हो सका है।

### बाजार में तिरछा पोल, जिम्मेदार बेखबर

बीते सालों से शहर की बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बंच लाइन का काम भी चल रहा है, लेकिन उस पर भी सवाल उठते रहे हैं। जर्जर संसाधनों के सुधार के दावे भी किए जा रहे हैं। मगर, कई लापरवाही भरी तस्वीरें भी उजागर है। मुख्य बाजार में दिनभर भीड़ रहती है। चावल चौराहा के पास ही एक पोल झुका हुआ है। इसमें तारों का मकड़जाल फैला है। लाल रोड समेत अन्य स्थानों पर भी इस तरह के पोल दिखाई दे रहे हैं। जिनको बदला नहीं जा सका है।

## स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में साइमून फातिमा प्रथम



प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों के मध्य स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्राम गनेशपुर गौटिया देशनगर के ग्रामीणों को विभिन्न स्लोगनों के द्वारा जागरूक किया।

बीसीए द्वितीय सेमेस्टर साइमून फातिमा चौधरी प्रथम, मानसी अरोरा द्वितीय, निवेदित सरकार व साक्षी सक्सेना ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पाया। स्वयंसेवकों में अंजुम, निगार, अनिष्का वर्मा, लव कश्यप, निहारिका, कृतिका सक्सेना, गगनदीप कौर, देवांशु राठौर, अतुल, यश मिश्रा, यशपाल आदि थे। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद, कार्यक्रम अधिकारी आलोक कुमार उपाध्याय, डॉ. अतुल मिश्रा, आदि ने विचार व्यक्त किए।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में किया प्रदर्शन



विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता अमृत विचार

● जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की अनिवार्यता से परेशान

**बीसलपुर, अमृत विचारः** जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता लागू किए जाने के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में शिक्षक एकत्र हुए। उन्होंने विद्यालयों में काली पट्टियां बांधकर विरोध जताया। बाद में बीआरसी परिसर में प्रदर्शन किया गया।

टीईटी अनिवार्यता प्रकरण को लेकर क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर अपनी बाहों पर काली पट्टियां बांधकर विरोध किया। दोपहर बाद विद्यालय का अवकाश होने पर क्षेत्र के बेसिक शिक्षक बीआरसी परिसर में एकत्र हुए और प्रदर्शन कर धरना दिया। इसकी अगुवाई जिलाध्यक्ष दयाशंकर गंगवार ने की। प्रदर्शन करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष रामऔतार गंगवार, सौरभ सदन बाजपेई आलोक सैनी, संजू गंगवार, सूरजपाल गंगवार, जितेंद्र मिश्रा, गीता देवी आदि शिक्षक थे।

जिलाध्यक्ष दयाशंकर गंगवार ने बताया कि प्रकरण को लेकर 24 व 25 फरवरी को बेसिक शिक्षक अपनी बांहों पर काली पट्टियां बांधकर विरोध जताएंगे। 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया जाएगा।

## एसपी से मिले विहिप व बजरंगदल के कार्यकर्ता

**पीलीभीत, अमृत विचारः** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा से मुलाकात की। पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता एवं राम दरबार की प्रतिमा भेंट की गई। विहिप जिलाध्यक्ष अमरीश मिश्रा, जिला मंत्री प्रवीण मोहन आदि ने कहा कि कुछ कैफे ऐसे हैं, जिसमें बंद केबिन बनाए गए हैं। एसपी ने इसे गंभीरता से दिखवाने का आश्वासन दिया।



एसपी को रामदरबार का चित्र सौंपते बजरंगदल के कार्यकर्ता।

## नौकरी के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप



डीएम कार्यालय में ज्ञापन देने गए शिवसेना कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मेडिकल कॉलेज प्राचार्य पर संगीन आरोप लगाए। ज्ञापन में आरोप लगाया कि एक फर्म के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को नौकरी के नाम पर दो से तीन लाख रुपये की ठगी की जा रही है।

कहा कि नियुक्ति के बाद युवाओं का वेतन 10 से 14 हजार रुपये के बीच में है। कंपनी का ठेका समाप्त होने के बाद कभी भी नौकरी से निकाल भी दिया जाएगा। इसकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्यारेलाल प्रजापति, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, करन कुमार आदि थे।

## शिरोमणि सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा द्वारा कायस्थ शिरोमणि सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चित्रगुप्त भगवान के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गई। नव नियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिए गए।

शिरीष सक्सेना को मंडल उपाध्यक्ष, जगदीश सक्सेना को जिलाध्यक्ष, मनोज भटनागर को जिला महासचिव, विमलसेन को जिला कोषाध्यक्ष, मोहित सक्सेना और अमित जोहरी को जिला उपाध्यक्ष, दीपक सक्सेना और अनुज सक्सेना, राजीव सक्सेना को जिला महामंत्री बनाया गया। सौरभ सक्सेना को जिला सचिव, सर्वेश सक्सेना, आशीष सक्सेना को जिला सह सचिव, डॉ देवेंद्र अस्थान को जिला संगठन मंत्री बनाया गया।

युवा इकाई में सचिन सक्सेना को अध्यक्ष, अभिषेक सक्सेना को महासचिव, राहुल सक्सेना को सचिव, शिवा सक्सेना, दिवंशु सक्सेना, प्रतीक सक्सेना, तुषार चंद्र को सह सचिव बनाया गया।

महिला इकाई में सरोज जोहरी और डॉ अनुरीता सक्सेना, सरिता कुलश्रेष्ठ को संरक्षक, विनीत भटनागर को अध्यक्ष, निधि निगम और नेहा सक्सेना को उपाध्यक्ष, परिणीता सिन्हा को महासचिव, सुरभि सक्सेना को जिला सचिव, नमिता सक्सेना को कोषाध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश महासचिव अरुण कुमार भटनागर द्वारा सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।मुख्य अतिथि वेदप्रकाश सक्सेना ने समाज को एकजुटता का संदेश दिया।



पटका पहनाकर सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### ये किए गए गए सम्मानित

एडवोकेट विनय सक्सेना, राजीव सिन्हा, एडवोकेट आकाश सक्सेना, अनिल कमल सक्सेना,जितेश राज नक्श, अविनाश चन्द्र, सुशील बाबू सक्सेना,अवनीश सक्सेना, शेखर सक्सेना, आनंद सहाय, सरोज जौहरी, अभय सक्सेना , डॉ. अनिल सक्सेना, महेश नारायण को कायस्थ शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया गया।

## हाईस्कूल में अंग्रेजी व इंटर में गणित परीक्षा 1778 ने छोड़ी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● यूपी बोर्ड: जिले के 69 परीक्षा केंद्रों पर कराई गई परीक्षा, चेकिंग के बाद मिला प्रवेश

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के छठें दिन सोमवार को हाईस्कूल में अंग्रेजी, इंटरमीडिएट में गणित और जीव विज्ञान का पेपर था। पहली पाली में इंटरमीडिएट में वैकल्पिक विषय का पेपर भी कराया गया। जिसमें 1778 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 30504 ने परीक्षा दी।

जिले भर में 69 परीक्षा केंद्रों पर तीसरे दिन भी परीक्षा कराई गई। शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राम इंटर कॉलेज, वीरागंना अवंती बाई इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल इंटर कॉलेज, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज समेत अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ जुटना शुरु हो गई। परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले परीक्षार्थियों को चेकिंग के बाद प्रवेश दिया गया।

पहली पाली में हाईस्कूल के अंग्रेजी और इंटरमीडिएट में वैकल्पिक फल संरक्षण, फोटोग्राफी की परीक्षा कराई गई। हाईस्कूल में 23064 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 21632 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 1432 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं इंटर के वैकल्पिक विषय फल संरक्षण और फोटोग्राफी में 55 में 50 ने परीक्षा दी, जबकि 05 गैरहाजिर रहे। परीक्षा साढ़े आठ बजे से पौने 12 बजे तक कराई गई। परीक्षा के दौरान ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रुम से शहर के कई केंद्रों को ऑनलाइन चेक किया गया। इस दौरान कहीं भी कोई गड़बड़ी नहीं मिली। सेक्टर, जोनल और डीआईओएस ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।



परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में गणित और जीव विज्ञान का पेपर हुआ। इसमें कुल 9163 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, जबकि 8822 ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। 341 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात रहा। परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि अंग्रेजी का पेपर कठिन आया था। पेपर में कई प्रश्न ऐसे पूछे गए थे। ऐसे में कई प्रश्न छूट गए। हालांकि उत्तीर्ण होने की पूरी उम्मीद जताई। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि छठे दिन सबसे बड़ा पेपर हाईस्कूल का रहा।

## सपा ने मनाई संत गाडगे महाराज की जयंती



संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती मनाते सपा नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● जिलाध्यक्ष की अगुवाई में हुआ कार्यक्रम, पुष्प अर्पित कर किया नमन

● संगोष्ठी में व्यक्त किए गए विचार, आदर्शों को जीवन में अपनाने की अपील

**अमृत विचारः** नकटादाना चौराहा के पास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में सोमवार को संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में कार्यकर्ता जमा हुए और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि संत शिरोमणि गाडगे महाराज एक महान समाज सुधारक, संत और कर्मयोगी थे। वे जहां भी जाते, पहले खुद झाड़ू लगाकर सफाई करते और लोगों को स्वच्छता का संदेश देते थे। समाज में फैली कुरीतियों, छुआछूत और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कई धर्मशालाएं, छात्रावास और गौशालाएं बनवाईं। शिक्षा को समाज सुधार का सबसे बड़ा माध्यम माना।

उन्होंने लोगों को संदेश दिया था कि पूजा से पहले अपने गांव और घर को साफ रखना ज्यादा जरूरी है। इस मौके पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, हाज़ी अकबर अहमद अंसारी, अमित पाठक एडवोकेट, ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, आशीष सक्सेना एडवोकेट, रामू पांडेय एडवोकेट, चंद्रप्रकाश यादव, रामपाल, अर्जुन भारती आदि मौजूद रहे।

## यशवंतरी देवी मंदिर वाली सड़क का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** 28 दिन, 28 लोकार्पण अभियान के तहत नगरपालिका चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल ने सोमवार को वार्ड नंबर आठ में मां यशवंतरी देवी मंदिर मार्ग का लोकार्पण किया। शिलापट का अनावरण किया गया। बेनहर चौराहे से आवास विकास चौराहे तक नवनिर्मित सड़क के बनने से राहगीरों को राहत मिलेगी।

नगरपालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि होली का पर्व नजदीक है। इसके बाद चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होने वाली है। मां यशवंतरी देवी मंदिर पर नवरात्रि के दौरान विशाल मेला लगता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवरात्रि से पूर्व इस मार्ग का निर्माण पूर्ण कर लोकार्पण कराया गया है।स्थानीय लोगों ने चेयरमैन का स्वागत कर आभार जताया। इस मौके पर परविंदर सिंह सैहमी, सभासद विपिन गंगवार, साकेत सक्सेना, गौरव अवस्थी, नरेन्द्र तिवारी, विपिन मिश्रा, पंकज तिवारी, विपिन त्यागी, पंकज राजपूत, अरविंद राठौर, सुनील सैनी, विकास चंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।



सड़क का लोकार्पण करती चेयरमैन डॉ .आस्था अग्रवाल। ● अमृत विचार

## एएसपी ने निरीक्षण कर परखे इंतजाम



अभिलेख चेक करते एएसपी विक्रम दहिया।

**पीलीभीत, अमृत विचारः** एएसपी विक्रम दहिया ने सोमवार शाम जहानाबाद थाना पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। जनसुनवाई रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, मेस, महिला/ साइबर हेल्प डेस्क आदि का अवलोकन किया। अभिलेखों को अद्यावधिक रखने, लंबित माल-मुकदमों एवं लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण और आईजीआरएस / सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मालखाना के समुचित रख-रखाव, थाना परिसर में स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने को निर्देशित किया। त्यौहार को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

## तुमको भुला नहीं पाऊंगा काव्य संग्रह का विमोचन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गांधी स्टेडियम प्रेक्षाग्रह में रविवार देर शाम साहित्यकार व कवि अविनाश चंद्र मिश्र ने अपनी पत्नी सुमन लता मिश्रा की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें उनका काव्य संग्रह तुमको भुला नहीं पाऊंगा.. का विमोचन किया गया। दिल्ली से आई कवियित्री मधुबाला लबाना का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन नीलेश कटियार, अविनाश चंद्र मिश्र द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल रही। कानपुर से अंकित शुक्ला ने रिश्ते बनते तो निभाते भी हम ही हैं.. सुनाया। मनोज मानव ने कहा कि भूल बैठे हैं कविता पड़ी.., मधुबाला ने राधा के कंटीले नैन, कान्हा का चुराए चैन कविता का पाठ किया।

दिल्ली से आए अभय सिंह, अलीगढ़ से भुवनेश चौहान चिंतन खैर, स्वाति मिश्रा, फिरोजाबाद से संजीव सारस्वत तपन ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में धीरेंद्र मिश्र,पूजा शर्मा, डॉ. प्रभाकर शर्मा, राजीव त्रिवेदी, सीमा राज पाठक, मिथलेश मिश्रा, विमल शुक्ला, अमिताभ अग्निहोत्री आदि मौजूद है।



कवि सम्मेलन में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# अंग्रेजी, गणित व जीव विज्ञान परीक्षा में 3,824 परीक्षार्थी अनुपस्थित

## कड़ी निगरानी में हो रही परीक्षा, पहली पाली में हाईस्कूल व दूसरी में इंटर की परीक्षा संपन्न

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार को जिले के 129 केंद्रों पर सख्ती और चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों और अभिभावकों की हलचल रही, जबकि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सक्रिय दिखाई दी।

हाईस्कूल अंग्रेजी और इंटरमीडिएट गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा में कुल 70,216 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 66,394 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 3,824 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुल 49,933 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 46,994 उपस्थित रहे और 2,941 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट गणित एवं जीव विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। इस पाली में 20,283 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 19,400 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 883 अनुपस्थित रहे।

> जिले में परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीसीटीवी से लैस परीक्षा केन्द्रों पर कॉलेज स्टॉफ के अलावा चेकिंग दस्ते सक्रिय रहकर निरीक्षण कर रहे हैं। -**विनोद कुमार मिश्र,** जिला विद्यालय निरीक्षक।

**बोर्ड परीक्षा उपस्थिति का विवरण**

| हाईस्कूल | (अंग्रेजी-प्रथम पाली) | इंटरमीडिएट (गणित-जीव विज्ञान) द्वितीय पाली |
|---|---|---|
| पंजीकृत | 49,933 | पंजीकृत, 20,283, उपस्थित- 19,400 |
| उपस्थित | 46,994 | अनुपस्थित- 883 |
| अनुपस्थित | 2,941 | |



नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटर कॉलेज, करनपुर से परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- **स्टेटिक, सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ सचल दलों ने भी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण**

सभी 129 केंद्रों पर सीसीटीवी और वॉयस रिकॉर्डर युक्त कैमरों से निगरानी की गई। स्टेटिक, सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ सचल दलों ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग का पैर टूटा

**केशवापुर, अमृत विचारः** थाना हैदराबाद के अजान चौकी क्षेत्र में एक सड़क हादसे में राजाराम (60) पुत्र टेकनलाल निवासी ग्राम इमलिया गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया है। रविवार को राजाराम भतीजे के साथ बेटी के ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। वापसी के दौरान वह अजान कस्बे में उतरकर सड़क किनारे खड़े थे, तभी गोला की ओर से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजाराम सड़क पर जा गिरे।

उनके बायां पैर में गम्भीर चोट लगी। बाइक चालक की पहचान विजय पंडित पुत्र छोटकन्ने निवासी बघेल के रूप में हुई है। कस्बे के दुकानदार और स्थानीय लोगों की मदद उन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी गोला पहुंचाया। पैर में फ्रैक्चर के चलते, परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए गोला के संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। परिजनों ने अजान चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई के साथ इलाज में आने वाला खर्च दिलाने की मांग की है। अजान चौकी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मैलानी में निकाली गई खाटू श्याम निशान यात्रा



मैलानी की निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचारः** मैलानी कस्बे में श्री श्याम परिवार समिति द्वारा श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की निशान यात्रा एवं शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

निशान यात्रा सोमवार को मैलानी की मुख्य बाजार स्थित प्राचीन मन्दिर से सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर मैन बाजार, चमन चौराहा, मैलानी गांव, बाईपास तिराहा होते हुए वापस शिव मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, उनके पति भवानी शंकर माहेश्वरी, भाजपा नेत्री गुरमीत कौर ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। भक्तों ने रंग गुलाल उड़ाते हुए रास्ते में ही फूलों की होली खेली। भक्तों के हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा के नारे गूंजते रहे। निशान यात्रा में गोला विधायक अमन गिरि, प्रमोद अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, सुरेश बंसल, नीरज बाजपेई, हरीश वाजपेयी, सपा नेता नरेश यादव शामिल हुए।

श्री श्याम परिवार समिति के संयोजक रामचंद्र अग्रवाल, हनुमान प्रसाद बंसल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री प्रदीप शर्मा, अमित अरोड़ा, गोपाल सिंघल, संजय शर्मा, अरविंद गोयल, अंकित गोयल, शीला शर्मा, मीना शर्मा, राजीव अग्रवाल, टिल्लू शर्मा सहित तमाम श्याम भक्त, पुलिस मौजूद रही।

## संत गाडगे महाराज के योगदान को सराहा



कार्यक्रम में शामिल बसपा जिलाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता व अन्य।

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बहुजन समाज पार्टी के कार्यालय पर संस्कृति के महान संत गाडगे महाराज की जयंती पर गोष्ठी आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि रमाकांत नीरज ने की। गोष्ठी में संत गाडगे महाराज के शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि पर किए गए योगदान की सराहना की गई।

बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष विपिन कुमार गौतम ने की। उन्होंने कहा कि बाबा संत गाडगे की शिक्षा व्यवस्था को जीवंत रखने के लिए सरकार ने संत गाडगे महाराज विश्वविद्यालय अमरावती का निर्माण कराया। उसमें 380 डिग्री कॉलेज संबद्ध हैं और करीब 3,50,000 विद्यार्थी शिक्षारत हैं। 47 विषयों में डिग्री कोर्स व 290 अन्य कोर्स संचालित हैं। गोष्ठी को विमल प्रकाश गौतम, सुरेश चंद्र गौतम, अनूप गौतम, तनवीर आदि ने भी संबोधित किया। गोष्ठी में मौजूद सभी लोगों ने संत गाडगे को पुष्पांजलि अर्पित की।

- **बसपा कार्यालय पर मनाई संत गाडगे महाराज की जयंती**

## खेतौसा हत्याकांड: आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उठी अर्थी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** फरधान थाना क्षेत्र के गांव खेतौसा में 20 वर्षीय मीर कुमार की हत्या के बाद रविवार से गांव में तनावपूर्ण हालात बने रहे। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। सोमवार दोपहर बाद चारों नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद परिजन माने और पुलिस सुरक्षा के बीच शाम करीब पांच बजे अंतिम संस्कार किया गया।

शनिवार रात खेतौसा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि एक पक्ष ने बांके से वार कर मीर कुमार पुत्र राजाराम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार घायल मीर कुमार करीब दो घंटे तक मौके पर ही पड़ा रहा। सूचना मिलने पर यूपी 112 और प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल ओयल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। रविवार सुबह पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां शांति देवी की तहरीर पर पुलिस ने चार सगे भाइयों कमलेश कुमार, रामू, चेतराम और जोगेंद्र कुमार खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने शुरुआती दौर में तेजी दिखाते हुए घायल हुए आरोपी कमलेश कुमार को हिरासत में लिया था। उसका इलाज पुलिस कस्टडी में जिला अस्पताल में चल रहा है। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजन आक्रोशित हो उठे। उन्होंने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। देर शाम तक पुलिस समझाने का प्रयास करती रही, लेकिन परिजन अपनी मांग पर अड़े रहे।

सोमवार को भी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी सदर विवेक तिवारी ने परिजनों को निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया, फिर भी परिजन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी से पहले अंतिम संस्कार के लिए तैयार नहीं हुए। सोमवार दोपहर बाद पुलिस ने शेष तीन आरोपी चेतराम, रामू और जोगेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए। शाम करीब पांच बजे पुलिस सुरक्षा के बीच मीर कुमार का अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे ने बताया कि चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके।



मृतक के घर पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार



मृतक के घर पर मौजूद पुलिस बल। ● अमृत विचार

- **दिनभर चला मान-मनौवल, चार आरोपियों की गिरफ्तारी पर रजामंद**
- **पुलिस सुरक्षा में शाम को किया गया अंतिम संस्कार**

## दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** शाहजहांपुर जिले के थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव कैलहा निवासी राम प्रसाद का 38 वर्षीय बेटा नीरज रविवार को थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव सुजानपुर अपनी ससुराल बाइक से आया था। ससुराल से वह मोहम्मदी कस्बा अपने साले के साथ आया था। काम निपटाकर जब वापस लौट रहा था तो जेठरा रोड सामने से बाइक से टकरा गया। हादसे में नीरज की मौत हो गई, जबकि उसके साले को हल्की-फुल्की चोटे आई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार युवक भी घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को मोहम्मदी सीएचसी भेजा। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## तेंदुए के हमले से कांपे बेला कलां के लोग, वन विभाग ने लगाया पिंजरा

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचारः** मझगईं वन रेंज के तहत बेला कलां गांव में तेंदुए की लगातार गतिविधियों से दहशत का माहौल बना हुआ है। आए दिन हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है। वन विभाग ने गांव के समीप पिंजरा लगा दिया है। ट्रैप कैमरे लगाकर निगरानी तेज कर दी है।

बता दें कि रविवार की दोपहर गांव बेला कलां निवासी अरविंद खेत में गन्ना छील रहे थे, तभी अचानक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। हमले में अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। इससे पूर्व भी तेंदुए ने गांव के वाहिद पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। वहीं 5 फरवरी को मोहनलाल की पुत्री खेत में गन्ने की पट्टी बांधने गई थी, जहां तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया था। वह किसी तरह बचाई गई, लेकिन घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत बढ़ गई। 12 जनवरी को बकरी चरा रहे जैनुल की बकरी को भी तेंदुआ उठा ले गया था। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लगातार घटनाओं के सामने आने के बाद वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए सोमवार को ट्रैप कैमरों के साथ ही पिंजरा लगाया है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जल्द ही तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को शाम के समय खेतों और जंगल की ओर न जाने की सलाह दी गई है।



गांव बेला कलां के खेतों में लगाया गया पिंजरा। ● अमृत विचार

- **वन विभाग ने ट्रैप कैमरा लगाकर बढ़ाई गश्त**

### ड्रोन कैमरे से ली जा रही तेंदुआ की लोकेशन



**मझगईं, अमृत विचार :** बेला कलां क्षेत्र में तेंदुए की लगातार गतिविधियों के बाद वन विभाग ने उसे पकड़ने के लिए अभियान तेज कर दिया है। तेंदुए की सटीक लोकेशन ट्रेस करने के लिए अब ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है। वनकर्मी टीम सुबह से देर शाम तक खेतों और गन्ने के घने खेतों के ऊपर ड्रोन उड़ाकर निगरानी कर रही है। ड्रोन से मिल रही लाइव फुटेज के आधार पर तेंदुए की मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है, ताकि उसे सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जा सके।

## किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना फरधान क्षेत्र में एक किशोरी की संदिग्ध हालात में तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां किशोरी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। थाना फरधान क्षेत्र के गांव मन्यौरा निवासी मनोज कुमार की 17 वर्षीय बेटी की रविवार की शाम करीब सात बजे अचानक तबीयत खराब हो गई। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। परिजन आनन-फानन में किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और भर्ती कराया, जहां सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर किशोरी का शव परिवार वालों को सौंप दिया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

## शेरपुर के खेतों में बरसीम चरते देखे गए हिरण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** महेशपुर वन रेंज क्षेत्र के गांव शेरपुर में बारासिंघा और हिरण की जोड़ी खेत में बरसीम चरते देखी गई। इससे वन्य पशु प्रेमियों में हर्श है।

शेरपुर गांव के विनोद कुमार मिश्रा के खेत में हरा चारा बरसीम चरते हुए हिरण और बारहसिंगा दिखाई पड़ने पर उनके साथ खेत गये शरद मिश्रा ने अपने मोबाइल में फोटो कैद कर लिया। वीडियो बनकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा कि हमारे क्षेत्र में हिरण और बारासिंघा दिखाई पड़ रहे हैं। वन विभाग इनकी रक्षा के लिए निगरानी करे। अभी तक तो खेतों में बाघ की दहशत थी, लेकिन कुछ समय से बाघ की कोई सूचना नहीं मिली, लेकिन बारासिंघा और हिरण की जोड़ी ने गांव के आसपास अपना आशियाना बना रखा है, ऐसे में उनकी सुरक्षा बेहद जरूरी है।



शेरपुर के खेत में बरसीम चरते हिरण और बारहसिंघा।

## संकल्प दिवसः जम्मू-कश्मीर भारत का है अविभाज्य अंग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** गुरु हरिकिशन महाविद्यालय एवं जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में जम्मू कश्मीर संकल्प दिवस पर गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों को जम्मू कश्मीर के हालातों से अवगत कराया गया।

प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि 22 फरवरी 1994 को भारतीय संसद ने एक संकल्प पारित कर कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है। महाविद्यालय के जम्मू कश्मीर में प्रजापरिषद के प्रमुख नेता पंडित प्रेमनाथ डोगरा का कहना था कि जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू हो। जम्मू कश्मीर के इतिहास पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. आदर्श दीक्षित ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के शब्द थे कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे।

प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को जम्मू कश्मीर की अखंडता के संकल्प की शपथ दिलाई। गोष्ठी में शांति वर्मा, अनुराधा रानी, आकाश कुमार शर्मा, सुनील गुप्ता, पदुमकांत मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, अरुण शुक्ला, वीरेंद्र प्रजापति, कन्हैया लाल मिश्रा, पीयूष वर्मा, दीपक मिश्रा आदि शिक्षक मौजूद रहे। उधर सीजीएन पीजी कॉलेज में कहा गया कि 22 फरवरी 1994 को नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्री काल में अखंड भारत की संकल्पना को मूर्तमान स्वरूप देने के लिए पाक अधिकृत कश्मीर एवं पाक अधिकृत लद्दाख (गिलगिट एवं बाल्टिस्तान) के क्षेत्र को भारत में मिलाने का संकल्प लिया गया था, तबसे इसे संकल्प दिवस के रूप् में मनाया जाता है।

मुख्य वक्ता प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने कहा कि भारत अपने इस संकल्प को साकार करने के लिए कदम बढ़ा दिये हैं। गोष्ठी को सहायक आचार्य विश्वनाथ, भूगोल विभाग के डॉ.शेषमणि विश्वकर्मा, अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. विष्णु कुमार शुक्ल ने भी संबोधित किया। संकल्प दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम संयोजक राजनीति विज्ञान प्रभारी डॉ.विवेक कुमार सिंह ने किया। इस दौरान संस्कृत विभाग के डॉ. प्रमोद कुमार आदि रहे।



गोला के सीजीएन पीजी कॉलेज में बोलते प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह। ● अमृत विचार



गोला के गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में बोलते आदर्श दीक्षित। ● अमृत विचार

- **प्राध्यापकों ने गोष्ठी में विद्यार्थियों को दी जानकारी**
- **गुरु हरिकिशन और सीजीएन पीजी कॉलेज में हुआ आयोजन**

# छात्रों की वैन को ट्रक ने मारी टक्कर, एक छात्र की मौत

## 16 छात्र-छात्राएं और चालक घायल, घने कोहरे में हुआ हादसा, प्राइवेट वैन के उड़े परखच्चे, गंभीर हालत में तीन घायलों को किया लखनऊ रेफर



**इफ्तार** मंगलवार शाम सुन्नी: 6:07 शिया: 6:08

**सहरी** बुधवार सुबह सुन्नी: 5:09 शिया: 5:11

संवाददाता, लखीमपुर खीरी धौरहरा

**अमृत विचार:** पढ़ुआ थाना क्षेत्र में घने कोहरे के बीच सोमवार सुबह करीब 7:10 बजे बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्रों से भरी वैन और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि 16 छात्र-छात्राएं और चालक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जुट गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेजा, जहां घायलों का उपचार चल रहा है।



मृतक चंचल।

उमा देवी पब्लिक स्कूल रामपुर कोठिया से छात्र-छात्राएं वैन से सवार होकर गायत्री देवी इंटर कॉलेज रमियाबेहड़ में बोर्ड परीक्षा देने जा रहे थे। वैन में चालक समेत 17 लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घना कोहरा छाया हुआ था। इसी दौरान धौरहरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने रमियाबेहड़ में गैस एजेंसी के पास वैन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। वैन में सवार 17 वर्षीय चंचल पुत्र दीवान निवासी बेलपुरवा स्टीयरिंग में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने थानाध्यक्ष विवेक कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अन्य घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहड़ भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद रमियाबेहड़ चौराहे पर सन्नाटा पसर गया और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मौके पर धौरहरा एसडीएम शशिकांत मणि, निघासन एसडीएम राजीव निगम, तहसीलदार आदित्य विशाल और पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।



चालक सीट पर फंसे युवक को निकालने की कोशिश करते लोग। ● अमृत विचार



घायलों को अस्पताल ले जाती एंबुलेंस। ● अमृत विचार

● बोर्ड परीक्षा देने जा रहे थे वैन सवार छात्र



हादसे में क्षतिग्रस्त वैन।

### दो बसों की भिड़ंत में एक यात्री की मौत, पांच घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पढ़ुआ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। ढखेरवा-बहराइच रोड पर ग्राम प्रसादपुरवा के पास दो बसों की आमने-सामने टक्कर में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार एक बस बहराइच की ओर से आ रही थी, जबकि दूसरी देहरादून से ढखेरवा मार्ग पर आ रही थी। दोनों बसों में प्रसाद पुरवा के पास टक्कर इतनी भीषण हुई कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तत्काल राहत कार्य में जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों का एंबुलेंस 108 से रमियाबेहड़ भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय साबान (35) की रास्ते में मौत हो गई। घायलों में पीआरडी जवान संतोष मौर्य (45) निवासी भजनपुरवा थाना निघासन, मिथुन (30) निवासी कफारा थाना धौरहरा, राजू (50) निवासी सेमरा थाना पढ़ुआ, बस चालक अवधेश (40) निवासी सिंगाही व विजय गिरी (17) निवासी निघासन शामिल हैं। सभी घायलों को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बसों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



### घायल बच्चों से मिले डीएम-एसपी, परिजनों को दिया मदद का भरोसा



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पढ़ुवा क्षेत्र में भीषण हादसे की सूचना पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता जिला अस्पताल पहुंचे। घायलों से मिलकर उनका हाल जाना। परिवार वालों को भी सांत्वना दी। डीएम-एसपी के पूछने पर सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि दोनों सड़क हादसों में 16 लोग घायल एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचे। हादसे में एक वाहन चालक की रास्ते में ही मृत्यु हो गई। जिला अस्पताल में भर्ती 15 घायलों में से 12 का इलाज विशेषज्ञों चिकित्सकों की टीम द्वारा जारी है। तीन गंभीर रूप से घायल मरीजों को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया। इन्हें एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस की मदद से लखनऊ भेजा गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टर उनकी देखरेख कर रहे हैं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत हृदय विदारक घटना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को भी पूरी मदद दी जा रही है। इस दौरान जहां उन्होंने घायलों का हालचाल जाना तथा चिकित्सकों से वार्ता कर उपचार की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। डीएम-एसपी के साथ एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित अधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल होने वालों की सूची

● अंजली (18 वर्ष) निवासी गड़ोसा ● शिवांश (17 वर्ष) पुत्र संदीप निवासी गड़ोसा ● शिवानी (18 वर्ष) कोठिया ● तनु (18 वर्ष) पुत्री दिनेश ● संध्या (18 वर्ष) निवासी चमेली ● सोभित (19 वर्ष) पुत्र संतोष निवासी राजापुर ● चेतराम (20 वर्ष) पुत्र छोटकन निवासी चमेली ● विवेक (16 वर्ष) पुत्र राजेश गड़ोसा ● शिवांशी (17 वर्ष) पुत्री उत्तम निवासी गड़ोसा ● नैंसी (16 वर्ष) पुत्र विनोद निवासी चमेली ● रितिका (17 वर्ष) पुत्री राम मोहन निवासी चमेली ● श्रुति (16 वर्ष) पुत्री रंजीत निवासी बेलपुरवा ● सोमवती (16 वर्ष) पुत्री श्रीकृष्ण निवासी बेलपुरवा ● . समीर (18 वर्ष) पुत्र इसरार निवासी चमेली ● पिंकी (17 वर्ष) पुत्री प्रमोद यादव निवासी धनीराम पुरवा ● नबी अहमद (30 वर्ष) पुत्र ताज खान निवासी बड़ागांव (चालक)

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मांतरण मामले में आरोपी का चालान



**मैगलगंज, अमृत विचार :** मोहल्ला नई बस्ती खकरा में धर्मांतरण के मामले में रविवार रात गिरफ्तार किए गए प्रमोद कुमार निवासी सहदेवपुरवा थाना हरगांव सीतापुर हाल पता मढ़ियाघाट रोड खखरा का पुलिस ने सोमवार को चालान भेजा है।

### पड़ोसियों पर मारपीट व धमकी का आरोप

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव के गांव चौधकपुर निवासी निर्मला देवी ने बताया कि गांव के ही मोनू, विनय व शिवम गाली-गलौज करते हुए उनके घर आए और मारपीट की। बीच-बचाव करने आई उनकी जेठानी श्यामपति पत्नी लेखराम को भी चोटें आईं। साथ ही भतीजे आयुष कुमार को भी मारपीट कर चोट पहुंचाई। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई मुकेश कुमार को सौंपी है।

### ईसानगर में मारपीट में युवक घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर के गांव गौरिया मजरा बरारी निवासी प्रभात कुमार ने श्यामचंद्र वर्मा पर गाली-गलौज, लाठी-डंडों से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पिटाई से वह घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। जांच एसआई अनिल कुमार वर्मा को सौंपी है।

### रुपयों के विवाद में घर में घुसकर मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर के मोहल्ला शिव कालोनी निवासी काजल देवी ने बताया कि दो माह पहले दिए 4400 रुपये मांगने पर पड़ोसी शिवानी और उसके पति हर्षित वर्मा ने घर में घुसकर मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने उनके बेटे का 25 हजार रुपये कीमत का मोबाइल तोड़ दिया। उधर, दूसरे पक्ष की शिवानी वर्मा ने पवन वर्मा, काजल वर्मा व अन्य पर घर में घुसकर मारपीट, गला दबाने और मंगलसूत्र गायब होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक चालक पर एफआईआर दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** करेली थाना क्षेत्र के ग्राम अडियारा निवासी नंदकिशोर पुत्र फूलचंद ने बिलसंडा थाने में दी तहरीर में बताया कि बीस फरवरी को पत्नी रेशमा देवी के साथ बाइक से ससुराल से लौट रहे थे। बंडा रोड पर घनश्यामपुर के पास पहुंचते ही ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### रामनवमी कार्यक्रम पर विहिप की बैठक में चर्चा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड बरखेड़ा की बैठक सोमवार को एक बरात घर में हुई। जिलाध्यक्ष धनपाल गंगवार ने राष्ट्र निर्माण वर्तमान चुनौतियां एवं प्रखंड की समिति रामनवमी कार्यक्रम पर चर्चा की। जिला गौ रक्षा प्रमुख नंदकिशोर, जिला संयोजक शिवम गंगवार, जिला गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख दीनानाथ, कृष्णा देवी, दुर्गा वाहिनी जिला सह संयोजक खुशबू मिश्रा, ओमवती, कौशल गंगवार, छेदालाल, त्रिभुवन, पिंकू गंगवार, हरीश पाल आदि मौजूद रहे।

## चकबंदी विभाग ने चौपाल में सुनीं समस्याएं



खम्हौल में चकबंदी विभाग की चौपाल में लगी पीड़ितों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचार:** सदर तहसील क्षेत्र के गांव खम्हौल के पंचायत भवन में सोमवार सुबह 10 बजे से चकबन्दी अधिकारी दीपक कुमार की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें खम्हौल गांव के 80 मुकदमों की सुनवाई की गई। गांव में लगी चौपाल में चकबंदी अधिकारी दीपक कुमार ने सीधे तौर पर किसानों से ही उनकी समस्याओं को सुनने के साथ ही समाधान कराया।

इस चौपाल में सहायक चकबंदी अधिकारी मदन प्रसाद कौशिक, चकबंदी कर्ता रामसहारे वर्मा, लेखपाल अवनीश कुमार ने आये सैकड़ों किसानों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने में सहयोग किया।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**धौरहरा, अमृत विचार:** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सोमवार को शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री अपनेश चन्द्र वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए 2011 के पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग उठाई। शिक्षकों ने कहा कि वर्ष 2011 के पहले नियुक्त हुए शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू करना न्यायसंगत नहीं है। इससे सेवा सुरक्षा और पदोन्नति से संबंधित कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने शासन से मांग की है कि इस संबंध में स्पष्ट और सकारात्मक निर्णय लिया जाए। शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि को सौंपा एवं विधायक विनोद शंकर अवस्थी को भी ज्ञापन देकर विधानसभा में मामला उठाने की मांग की।

## बसंतकालीन गन्ना बुवाई के बताए तरीके

संवाददाता, खंभारखेड़ा

**अमृत विचार:** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल के तत्वावधान में गांव बेल में बसंतकालीन गन्ना बुवाई को बढ़ावा देने और उन्नत कृषि तकनीकों के प्रसार के उद्देश्य से किसान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों, कृषि विशेषज्ञों और गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक (प्रजनन) डॉ. अरविन्द कुमार व पूर्व वैज्ञानिक डॉ. वीसी जादौन मुख्य वक्ता रहे। डॉ. अरविन्द कुमार एवं डॉ. वीसी जादौन ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई की वैज्ञानिक एवं उन्नत विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को भूमि एवं बीज शोधन, अधिक उत्पादन प्राप्त करने की तकनीक, प्रभावी फसल संरक्षण उपायों तथा मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक प्रयोग के बारे में जागरूक किया। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि गन्ने की पंक्ति से पंक्ति की दूरी न्यूनतम चार फीट रखी जाए तथा केवल स्वीकृत एवं उन्नत गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई की जाए। उन्होंने बीज उपचार (थायोफिनेट मिथाइल), भूमि उपचार (ट्राइकोडर्मा), सिंगल बड तकनीक, संतुलित उर्वरक प्रयोग तथा पेड़ी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त गन्ना विकास परिषद खंभारखेड़ा के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी, चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) पुष्पेंद्र ढाका, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) संजीव कुमार, क्षेत्रीय प्रभारी शैलेन्द्र सिंह और प्रगतिशील किसान जगदंबा प्रसाद वर्मा, नेतराम वर्मा एवं हरवंश लाल वर्मा आदि किसान मौजूद रहे।



जागरुकता संगोष्ठी में जानकारी देते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

● प्रोत्साहन के लिए जागरुकता गोष्ठी की गई आयोजित

## पूर्णागिरि धाम में भंडारे की सफलता को जुटे सेवादार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** उत्तराखंड के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां पूर्णागिरी धाम में पांच और छह मार्च को 12वां भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारी में शिव सेवक दिल्ली शाखा के सेवादार जुट गए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से भंडारे में सहयोग की अपील भी की है। पिछले 11 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भक्ति और सेवा का भाव लिए छोटी काशी शिव सेवक दिल्ली शाखा होली के बाद पांच और छह मार्च को पूर्णागिरी धाम में भंडारे का आयोजन करेगा। समिति के सेवादारों अनिल जलोटा आदि ने बताया कि छोटी काशी के भक्तों का जत्था हर वर्ष माता पूर्णागिरी दरबार में दर्शन, पूजन को पहुंचने वाले भक्तों की निष्ठापूर्वक सेवा करता आ रहा है। आयोजन को लेकर सेवादारों में उत्साह है। भंडारे को सफल बनाने के लिए श्री शिव सेवक दिल्ली शाखा और छोटी काशी के सेवादार तैयारी में जुट गए हैं।

## पीपल का पेड़ काटने से ग्रामीणों में रोष

**केशवापुर, अमृत विचार:** मोहम्मदी वनरेंज व थाना नीमगांव क्षेत्र के कोटवा गांव में हरा भरा पूजनीय पीपल के वृक्ष को बिना अनुमति काटने से ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। एक ग्रामीण ने थाना नीमगांव में तहरीर दी है। ग्रामीण शिवम पाठक ने थाना नीमगांव में दी लिखित शिकायत में कहा है कि करीब सौ साल पुराने इस पीपल वृक्ष की पूरे गांव की महिलाएं पूजन करती थीं। आस्था के साथ पक्षियों को आश्रय देने के साथ यह विशालकाय वृक्ष स्वच्छ ऑक्सीजन देने का काम करता था। जिसे गांव के ही केशव भारती पुत्र जीवन लाल द्वारा जानबूझकर एवं बिना किसी वैधानिक अनुमति के काट दिया गया। इसे गांव वालों ने हिन्दू भावनाओं पर कुठाराघात करना बताया है। शिवम ने पेड़ काटने वाले पर कार्रवाई की मांग की है।

## डाटा सत्यापन को संशोधित समय-सारणी जारी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● सत्र 2024-25 से संबंधित प्रकरणों को पूर्ण करने के लिए तिथियों में किया संशोधन

**अमृत विचार:** जिले में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत कॉलेज एवं जिला स्तर पर लंबित डाटा सत्यापन के लिए संशोधित समय-सारणी जारी कर दी गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से संबंधित प्रकरणों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के लिए तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पर लंबित डाटा का सत्यापन 9 दिसंबर 2026 तक पूर्ण किया जाना था, जिसे अब बढ़ाकर 27 फरवरी तक कर दिया गया है। सभी प्राचार्यों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इस विस्तारित अवधि में शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जनपद स्तरीय समिति द्वारा डाटा लॉक करने की अंतिम तिथि पूर्व में 5 जनवरी निर्धारित थी, जिसे संशोधित कर अब 1 मार्च कर दिया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे संशोधित समय-सीमा का पालन कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण करें।

## आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर किया गया मंथन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



स्मारिका प्रीमेडिकॉन 2026 का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्राइवेट मेडिकल प्रोफेशनल्स वेलफेयर एसोसिशन (पंपवा) की वार्षिक कॉन्फ्रेंस प्रीमेडिकॉन का 21वां संस्करण हर्षोल्लास के साथ मीरपुर अपने भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान इस वर्ष की स्मारिका का विमोचर किया गया, जिसकी थीम लखीमपुर की रामलीला रही। इसके बारे में डॉ. दिनेश दुआ ने विस्तार से बताया।

आयोजन चेयरपर्सन डॉ. रुचिका टंडन अग्रवाल के नेतृत्व और संस्था के इस वर्ष के अध्यक्ष डॉ. अनिल वर्मा के दिशा-निर्देशन में हुआ। सम्मेलन में शहर के वरिष्ठ चिकित्सक, विशेषज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं फार्मा कंपनियों के प्रतिनिधि सहित समाज के अनेक प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि लखनऊ के रेजेंसी हॉस्पिटल के सीनियर डायरेक्टर डॉ. दीपक दीवान रहे। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता, विशेष अतिथि समाजसेवी किशन सेठ, संस्था के संरक्षक डॉ. जीसी मिश्रा और समन्वयक डॉ. दिनेश दुआ मौजूद रहे।

अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन किया। संस्था के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. नित्य मेहरोत्रा ने मुख्य अतिथि डॉ. दीपक दीवान का जीवन-वृत्त प्रस्तुत किया। वैज्ञानिक सत्र में डॉ. सौरभ वर्मा ने स्पाइन केयर, डॉ. अभिषेक यादव ने लीवर ट्रांसप्लांट, डॉ. राहुल भूषण ने मिनिमल इनवेसिव कार्डिएक सर्जरी और डॉ. सौरभ सिंहा ने डेंटल इंप्लांट्स की आधुनिक तकनीकों के बारे में बताया। इस मौके पर संयोजक डॉ. जीसी मिश्रा सहित डॉ. केके मिश्रा, डॉ. रमेश मेहरोत्रा, डॉ. मनीषा मेहरोत्रा, डॉ. प्रदीप मेहता, डॉ. रूबी मेहता, डॉ. राकेश माथुर आदि रहे।

● प्राइवेट चिकित्सकों की वार्षिक कॉन्फ्रेंस आयोजित

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

कार्यक्रम | दुधवा के जंगलों के बीच आबाद थारू बस्ती में रंगोत्सव का आरंभ

## पहिरि घंघरिया गोरिया नाचै, कुंदुरू जैसे गाल, कन्हैया डारो रंग गुलाल

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** दुधवा के जंगलों के बीच थारू जनजाति की बस्तियों में होली का उल्लास अभी से छा गया है। यहां रंगोत्सव की शुरुआत हो चुकी है। बड़ी-बड़ी ढोलकों और झांझ-मजीरों की गूंज, हाथों में रंग-बिरंगे रुमाल और पारंपरिक पोशाकों में सजे-धजे थारू युवक-युवतियां जब अपनी वनैली भाषा में श्रृंगार रस से ओतप्रोत होली गीत गाते हैं, तो आसपास खड़े लोग भी स्वतः ही थिरक उठते हैं।

पलिया तहसील क्षेत्र के छोटे-बड़े करीब चार दर्जन थारू ग्रामों के भोले-भाले नागरिक समय के साथ हुए बदलावों के बावजूद अपनी परंपरागत सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए हैं। यही कारण है कि यहां होली सहित सभी पर्व आज भी पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। वैसे तो थारू समुदाय हिंदू सनातन परंपरा के अनुसार सभी त्योहार मनाता है, किंतु होली का उत्साह इनके बीच विशेष रूप से देखने को मिलता है। दिलों को जोड़ने वाला यह पर्व यहां लगभग एक पखवाड़े पहले ही शुरू हो जाता है।

नित्य सायंकाल अथवा अवकाश के समय ग्रामीण बड़े ढोल, मृदंग, झांझ, मंजीरा, चिमटा और डफली जैसे वाद्य यंत्रों के साथ गांव के बीचोंबीच एकत्र होते हैं। पारंपरिक वाद्यों की थाप पर वे अपनी मधुर वनैली बोली में श्रृंगार रस से सजे होली गीत गाकर वातावरण को उल्लासमय बना देते हैं। थारू समाज में गाए जाने वाले प्रमुख होली गीतों की एक बानगी-राधा नाचि रही उपवन मा, लुकि-छिपि ताकत नंदकिशोर...छल्ला छाप की मुदरिया पहिरे, लंबे-लंबे बाल, पहिरि घंघरिया गोरिया नाचै, कुंदुरू जैसे गाल...कन्हैया डारो रंग गुलाल, भीगि कै ओढ़नी होइगै लाल....इन पारंपरिक गीतों और सामूहिक उत्सव के बीच दुधवा अंचल के थारू ग्राम इन दिनों पूरी तरह रंग और उमंग में सराबोर नजर आ रहे हैं।



थारू युवतियां। ● अमृत विचार

आवश्यकता है
● कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
● नर्स ANM/GNM
● पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
● आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
● रसोइया ● वार्ड बॉय
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

सूचना
सूचित हो कि मेरे डी.एल. सख्या UP2520060006571 में मेरा नाम श्याम कुमार त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है जबकि सही नाम श्याम बाबू है कृपया सही नाम दर्ज हो। **श्याम बाबू पुत्र रामभरोसे लाल निवासी 139-कैलाश पुरम डेलापीर इज्जत नगर बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# अवैध राइफल से साली पर हमला आरोपी गिरफ्तार

**बीसलपुर, अमृत विचार:** प्रेम विवाह करने से नाराज होकर अवैध पौनिया से साली पर फायर करने वाले हमलावार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार को ग्राम भगवंतपुर करोड़ निवासी पवन सिंह की पत्नी नेहा ने अपने जीजा राजीव कुमार के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि उसका प्रेम विवाह हुआ है। उनके पति दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते है। रविवार को वह पति के साथ दिल्ली से घर आई थी। आरोप लगाया कि चचिया ससुर राजीव सिंह जो रिश्ते में उसके सगे जीजा लगते हैं वे उसे गालियां देने लगे। इसके बाद 315 बोर की नाजायज राइफल निकाल ली। हत्या करने की नियत से फायर कर दिया जिसमें वह बच गई। राजीव से रायफल छीन ली और वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। राजीव के अलावा उसकी पत्नी रेखा देवी, राकेश व बरेली जनपद के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़े निवासी गनेश को भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने मामले में आरोपी राजीव को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# तेरे भक्त निराले, शिव शंकर डमरू वाले

## शिवोत्सव में हेमंत बृजवासी ने बांधा समां, भजनों और गीतों पर देर रात तक झूमते रहे भक्त

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला की पहली वर्षगांठ पर आयोजित शिवोत्सव में पूरी रात भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। भजन संध्या में पहुंचे हेमंत बृजवासी ने अपनी सुरमयी प्रस्तुति से पौराणिक शिव मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया। उनके भजनों और गीतों पर देर रात तक दर्शक झूमते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमन गिरि ने दिव्य आरती के साथ किया। उन्होंने नगरवासियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए इस आयोजन को आस्था और एकता का महापर्व बताया तथा छोटी काशी को और भव्य स्वरूप देने का संकल्प दोहराया। भव्य मंच से हेमंत बृजवासी ने तेरे भक्त निराले, शिव शंकर डमरू वाले, होली खेले मसाने में, श्री राधे-राधे, रघुपति राघव राजा राम, शिव का वंदन किया करो, अगड़ बम बम लहरी, जय शिव शंकर भोलेनाथ, सांसों की माला पर सिमरूं मैं तेरा नाम, किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए सहित कई लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किए। साथ ही कुछ चर्चित बॉलीवुड गीतों की प्रस्तुति ने भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में हेमंत बृजवासी ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त होती है।

भजन संध्या में पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, मधुसूदन गिरि, मधुकर गिरि, अजय गिरि सपल्लू, आशुतोष गिरि कन्हैया, सभासद आनंद सोनी, हर्ष अवस्थी अमन, भोली गिरि, सुरेंद्र शर्मा, केके शुक्ला, रामगुलाम पांडे, अवधेश मिश्रा, आनंद त्रिवेदी, आयुष शुक्ला, सचिन सिंह, अजीत पांडे, आदेश कुमार दीक्षित, पंकज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।


भजन गायक हेमंत बृजवासी व टीम के सदस्यों को सम्मानित करते विधायक अमन गिरि व अन्य।


हेमंत बृजवासी।

### घूमर से मिली नई पहचान

फिल्म पद्मावत के चर्चित गीत घूमर से उन्हें व्यापक पहचान मिली। इसके अलावा भक्ति गीत अच्युतम केशवम, श्याम तेरी बंसी और मेरे बांके बिहारी लाल भी श्रोताओं के बीच लोकप्रिय हैं।

### 2009 में जीता था सारेगामापा लिटिल चैंप्स

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद से संबंध रखने वाले हेमंत बृजवासी को बचपन से ही संगीत में रुचि रही है। उन्होंने वर्ष 2009 में टीवी रियलिटी शो सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स का खिताब जीता था। इसके बाद 2018 में उन्होंने राइजिंग स्टार भी अपने नाम किया। उन्होंने फिल्म मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी सहित अन्य फिल्मों के लिए पार्श्वगायन किया है। वर्ष 2018 में उन्हें लोकमत सुरजोत्सव राष्ट्रीय संगीत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी गायकी में भक्ति, सूफी और क्लासिकल रंग की झलक स्पष्ट दिखाई देती है।

# प्रशिक्षण में विस्तार से दी गई जानकारी

**अमरिया, अमृत विचार:** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जीपीडीपी प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत महेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। एक दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण में प्लानिंग फैसिलिटेशन टीम के सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसकी शुरुआत सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अतुल पाठक ने कराई। प्रशिक्षक वीर सक्सेना ने प्रशिक्षण के उद्देश्य, नियम एवं अपेक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मॉडल पंचायत पर फिल्म प्रदर्शन, सतत विकास लक्ष्य, मॉडल पंचायत, ग्राम पंचायत विकास योजना और सोशल प्लान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। लो कॉस्ट एवं नो कॉस्ट गतिविधियों पर भी बड़े समूह में विचार-विमर्श हुआ। मंडलीय परियोजना प्रबंधक सचिन देव, स्वच्छ भारत मिशन के मंडलीय सलाहकार राजपाल सिंह, प्रशिक्षण दाई संस्था से आए जिला समन्वयक मनोज कुमार सिंह, कविता सिंह, राहुल पाल, अतुल, रत्नेश आदि मौजूद रहे।

# गैस चूल्हे से दुकान-झोपड़ी में लगी आग, युवक झुलसा


घर में निकलतीं लपटें। • अमृत विचार

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचार:** भीरा थाना क्षेत्र के कस्बा बिजुआ में रविवार शाम करीब आठ बजे गैस चूल्हे से लगी आग में एक दुकान और झोपड़ी जलकर राख हो गई। आग बुझाने का प्रयास करते समय एक युवक भी झुलस गया। इस अग्निकांड में दुकान और झोपड़ी में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया।

बिजुआ निवासी राजेंद्र की बिल्डिंग सामग्री की दुकान और उसके पीछे बनी झोपड़ी आग की चपेट में आ गई। राजेंद्र पिछले 15-16 वर्षों से बिजुआ में वोडाफोन टावर के पास यह दुकान चला रहे थे और उसी झोपड़ी में रहते थे। आग से उनका घरेलू सामान और मोबाइल भी पूरी तरह जल गया।

आग बुझाने के प्रयास में दुकानदार राजेंद्र (45) भी झुलस गए। बताते हैं कि आग खाना बनाते समय गैस चूल्हे से लगी थी। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। सूचना पर पहुंची बिजुआ पुलिस ने मौका मुआयना किया है। झुलसे राजेंद्र का सीएचसी बिजुआ में उपचार चल रहा है। एसओ रोहित दुबे ने बताया कि गैस चूल्हे से खाना बनाते समय आग लगने से यह घटना हुई।

# जरूरतमंदों के साथ मनाई वैवाहिक वर्षगांठ


ग्रामीणों को मिठाई बांटते आशीष कुमार। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** औद्योगिक हब क्षेत्र भरा पचपेड़ा में कार्यरत परियोजना प्रबंधक आशीष कुमार सिंह ने सोमवार को अपनी शादी के 14 वर्ष पूर्ण होने पर गांव के जरूरतमंद लोगों को मिठाई एवं घरेलू सामग्री वितरित की।

आशीष कुमार सिंह ने बताया कि वह गोरखपुर के रहने वाले हैं। आज से 14 वर्ष पूर्व, गोरखपुर निवासी निकिता सिंह से 24 फरवरी 2012 को शादी हुई थी। उनके दो बच्चे रुद्राक्ष सिंह व विराज सिंह है l इस दौरान उन्होंने ये भी बताया कि 14 वर्ष के दौरान पत्नी ने हर सुख दुःख मे उनका साथ दिया। फिलहाल भरा पचपेड़ा गांव में पहली बार इस तरह से किसी जिम्मेदार ने जरूरतमंद लोगों के बीच खुशियों को साझा किया। गांव वालों ने सराहना की।

# हाईवे पर कार और टेंपो की टक्कर, नौ लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार:** बरखेड़ा से सवारी लेकर आ रहे टेंपो और कार की टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद टेंपो पलट गया। हादसे में नौ लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव गुलड़ा निवासी ओमपाल पुत्र रेवती प्रसाद टेंपो चलाते हैं। वह बरखेड़ा से सवारियां लेकर बीसलपुर आ रहे थे। टेंपो में दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के गांव घुरीपट्टी निवासी राजेश पुत्र रामनाथ, करेली थाना क्षेत्र के गांव मबैया निवासी कालीचरन पुत्र झाझनलाल, उनकी पत्नी गुड्डी देवी, गांव टिकरी माफी निवासी मिथुन पुत्र प्रभुदयाल, रेनू पत्नी गनेश, मीरा पत्नी रामचंद्र, पंकज पुत्र अशरफी, बरेली जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव यासीननगर निवासी सितारा पत्नी शराफत सवार थे। बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर मदर्स पब्लिक स्कूल के पास कार से टककर हो गई, जिससे बाद टेंपो पलट गया। हादसे में नौ लोग घायल हो गए। पुलिस पहुंची और घायलों को सीएचसी भिजवाया। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# दो घरों से लाखों की नकदी और जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना खमरिया क्षेत्र में चोरों ने दो घरों में धावा बोलकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। इससे गांव में दहशत व्याप्त हो गई। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव ऐरा निवासी कासिम ने बताया कि शनिवार की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात में किसी समय चोर घर में घुस आए और अलमारी व बक्सों आदि का ताला तोड़कर तीन जोड़ी पायल, सात अंगूठियां (चांदी), चांदी की बिल्ली, चांदी की चोटी, दो जोड़ी छोटी पायल, सोने के एक जोड़ी झाले, एक जोड़ी सोने की झुमकी, दो सोने की अंगूठी तथा लगभग 15 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए।

इतना ही नहीं, चोरों ने पड़ोसी राजेश कुमार के घर को भी निशाना बनाया। वहां से एक बड़ा फूलदान, आठ थाली फूल की, एक बड़ा परात, एक लोटा, एक कटोरी (चांदी), एक जोड़ी चांदी की पायल, तीन जोड़ी बिछिया, एक सोने का मंगलसूत्र आदि सामान चोरी कर भाग निकले। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब घर के लोग सोकर उठे। कमरों में बिखरा सामान और ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। पीड़ितों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई उदयभान उपाध्याय को सौंपी है। पुलिस आसपास के संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और जल्द खुलासे का दावा कर रही है। उधर ग्रामीणों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है।

### आंगनबाड़ी केंद्र से एलसीडी चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव जंगपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी का मामला सामने आया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निगार बेगम ने तहरीर देकर बताया कि 22 फरवरी की सुबह जब वह केंद्र खोलने पहुंचीं तो कमरे का ताला टूटा मिला और अंदर लगी एलसीडी गायब थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई अशोक कुमार यादव को सौंपी है।

# आत्महत्या करने के लिए उकसाने के आरोपियों को मिली जमानत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जांच पर उठे सवाल, सुसाइड नोट बना ढाल, कोर्ट से राहत पर भड़का परिवार
- नितिन की गोली लगने से मौत, जांच को लेकर कटघरे में दिखाई दे रही पुलिस

**अमृत विचार:** शहर के सलेमपुर कोन में दुकान पर गोली लगने से गांव चंदीदीनपुरवा निवासी नितिन अवस्थी की मौत मामले में पुलिस जांच को लेकर कटघरे में खड़ी दिखाई दे रही है। शुरुआत में हत्या का आरोप, फिर आत्महत्या की थ्योरी और अब आरोपियों की जमानत ने पूरे घटनाक्रम पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कोर्ट ने पुलिस द्वारा पेश किये गए सुसाइड नोट और अन्य साक्ष्यों को देखने के बाद दोनों आरोपियों को जमानत दे दी। इस बात की जानकारी होने पर मृतक के परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। परिजनों ने पुलिस की जांच पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

बता दें कि गांव चंदीदीनपुरवा निवासी नितिन अवस्थी उर्फ आशीष (26) सलेमपुर कोन में किराए के मकान में रहता था। वह गंगोत्री नगर निवासी राहुल मिश्रा की सलेमपुर स्थित दुकान पर मुनीमी करता था। शुक्रवार की देर शाम वह गद्दी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान संदिग्ध हालत में लगी गोली से उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने मोहल्ला गंगोत्री नगर निवासी राहुल मिश्रा व उसके भाई राजा मिश्रा पर गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया था। उस समय पुलिस की कार्रवाई तेज दिखी, लेकिन कुछ 24 घंटे के भीतर ही कहानी ने नया मोड़ ले लिया।

मौके से मिले कथित सुसाइड नोट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने हत्या की धाराएं हटा दीं और मामला आत्महत्या के लिए उकसाने में परिवर्तित कर दिया। पुलिस का तर्क था कि 1.20 लाख रुपये के लेन-देन को लेकर मृतक मानसिक दबाव में था। पुलिस ने रविवार को जब आरोपियों को कोर्ट में पेश किया तो सुसाइड नोट सहित अन्य साक्ष्य रखे। इन्हीं आधारों पर कोर्ट ने दोनों को जमानत दे दी। कोर्ट का आदेश आते ही मृतक के परिजनों में रोष फैल गया। परिजनों ने सीधे एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस जांच पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि पुलिस ने शुरू से ही मामले को कमजोर करने की कोशिश की।

आरोप है कि हत्या के एंगल को गंभीरता से नहीं लिया गया और सुसाइड नोट को आधार बनाकर पूरी कहानी बदल दी गई। परिवार का यह भी कहना है कि यदि जांच निष्पक्ष होती तो हत्या की धाराएं इतनी जल्दी न हटाई जातीं।

उनका आरोप है कि सही तथ्य कोर्ट के सामने मजबूती से नहीं रखे गए, जिसके चलते आरोपियों को राहत मिल गई। मृतक के परिजन मामले की दोबारा निष्पक्ष जांच और उच्च स्तर पर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं। परिवार ने उच्च न्यायालय जाने की भी बात कही है। फिलहाल सवाल यही है कि क्या जांच पूरी तरह निष्पक्ष थी या फिर सुसाइड नोट ने पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ दे दिया? यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### यातायात नियमों के पालन का महत्व बताया

**पीलीभीत।** रामलुभाई सहानी राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस शिविर के तहत स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। यातायात नियमों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से होने वाली दुर्घटनाओं एवं उनके दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. सचिन गिहार ने विद्यार्थियों को खुद नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मंडवा वंशीपुर विकास खंड मीरगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत मंडवा वंशीपुर में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है - प्रथम श्रेणी ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रेत, रोड़ी, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | श्रमांश | सामग्री | योजना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओमकार पंडित के घर से सुखलाल के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 399000/- | 27000 | 372000 | मनरेगा |
| 2. | ठाकुरदास के घर से स्कूल तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 398600/- | 26600 | 372000 | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 24.2.2026 से दिनांक 02.03.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 02.03.2026 दोपहर 3:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्रधान-श्रीमती खेमवती सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत दियोरिया अब्दुल्लागंज विकास खंड मीरगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत दियोरिया अब्दुल्लागंज में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है-प्रथम श्रेणी इंटरलॉकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रेत, रोड़ी, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | कंपोजिट विद्यालय अब्दुल्लागंज गेट से कक्ष तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 339590/- | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 24.2.2026 से दिनांक 28.02.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 28.02.2026 दोपहर 3:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्रधान-श्री जाकिर खान सचिव-श्री योगेश कुमार

**क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज तथा चिट्स**

193-6, सिविल लाइन्स बरेली मण्डल बरेली

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था पैलानी सर्व समाज सेवा समिति, ग्राम पैलानी उत्तर पो. ढाई तह. कलान जिला शाहजहाँपुर के पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन पंजीकरण आवेदन प्राप्त है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है-

| क्र.सं. | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | मो. रिजवान पुत्र मो. आलमशेर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री रूप पुत्र श्री ज्ञान सिंह | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री अनमोल पुत्र श्री राजवीर | सचिव |
| 4. | श्री विनोद पुत्र श्री मुकुट | कोषाध्यक्ष |
| 5. | श्री अनुराग सिंह पुत्र श्री बलवीर | सदस्य |
| 6. | श्रीमती नेहा पत्नी श्री अनमोल | सदस्य |
| 7. | मो. उस्मान पुत्र श्री नबी मोहम्मद | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजों साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के ''परन्तुक'' के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

सहायक रजिस्ट्रार, बरेली

# संदिग्ध हालात में जिला अस्पताल में युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना धौरहरा क्षेत्र के गांव करहुआ निवासी डोरे लाल के 35 वर्षीय बेटे विनोद भार्गव की रविवार की देर शाम करीब सात बजे संदिग्ध हालात में जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई सुकई ने बताया कि विनोद को रविवार की सुबह गांव का ही एक व्यक्ति मजदूरी कराने के लिए लेकर गया। विनोद जब शाम को घर लौटा तो उसकी हालत बिगड़ गई। इस उसके परिजन आनन फानन में विनोद को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर आते ही परिवार में चीख पुकार मच गई।

# अमृत विचार कार्यालय और प्रिंटिंग प्रेस आकर बच्चों ने जाना अखबार का संसार

संवाददाता, बरेली

- एलन किड्स के बच्चों ने समझीं समाचार पत्र की बारीकियां

**अमृत विचार :** दुनिया भर की खबरें एक कागज पर सिमटकर हमारे ड्राइंग रूम तक कैसे पहुंचती हैं? इस जिज्ञासा को शांत करने के लिए एलन किड्स के नन्हे छात्र-छात्राओं ने अमृत विचार समाचार पत्र के कार्यालय और प्रिंटिंग प्रेस का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों ने पत्रकारिता के विविध आयामों और अखबार तैयार होने की पूरी प्रक्रिया को देखा।

कार्यालय भ्रमण के दौरान संस्थान के सीओओ पार्थो कुनार ने बच्चों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें अखबार की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिपोर्टर्स के दिनभर खबरें एकत्रित करने फिर उन्हें डेस्क पर संपादकीय टीम द्वारा तराशने की जानकारी दी। बच्चों ने उस अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर को भी देखा, जिस पर पेज की डिजाइनिंग होती है।


एलन किड्स के छात्र-छात्राओं ने अमृत विचार प्रिंटिंग प्रेस का भ्रमण किया।

### प्रिंटिंग प्रेस देख रोमांचित हुए बच्चे

बच्चों ने जब प्रिंटिंग मशीन को तेज रफ्तार में चलते और सफेद कागज को खबरों से रंगते हुए देखा तो उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने समाचार संकलन के बदलते तौर-तरीकों और डिजिटल पत्रकारिता के महत्व को भी समझा। भ्रमण के अंत में एलन किड्स के बच्चों ने संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। म्यूजिक टीचर अनिकेत सिंह और सतेंद्र ने कहा कि इस तरह के अनुभवों से बच्चों में खोजी प्रवृत्ति और समाज के प्रति जागरूकता विकसित होती है। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक और अमृत विचार परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम निशान यात्रा का फूल वर्षा कर किया स्वागत


खाटू श्याम निशान यात्रा में नाचते झूमते चल रहे श्रद्धालु • अमृत विचार

संवाददाता, भीरा

**अमृत विचार:** फागुन महोत्सव के तहत नगर में निकली खाटू श्याम यात्रा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। निशान यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। परिवार तथा क्षेत्र के कल्याण की कामना की।

सोमवार को यात्रा से पूर्व महाराजा अग्रसेन वार्ड के शिव मंदिर में खाटू श्याम निशान की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पुजारी रितेश शास्त्री ने सभी की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद यह निशान यात्रा बैंड बाजों के साथ मुख्य बाजार थाना रोड, मुख्य चौराहे से होती हुई मैलानी रोड के खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। निशान यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने डीजे और बैंड बाजों की धुन पर नाचते गाते, रंगों की बौछार कर खाटू श्याम हमारा का जयघोष करते चल रहे थे। यात्रा में रिंकल जैन, मोहन मित्तल, नवल मित्तल, विजेंद्र जैन, नरेश गुप्ता, गोपी मित्तल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 4.49 लाख की ठगी का आरोपी गोवा से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण कराने के नाम पर ठगी करने वाला जालसाज आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया।उसकी गोवा से गिरफ्तारी की गई।

नकटादाना कॉलोनी निवासी राकेश कुमार पुत्र रम्मन ने 16 जुलाई 2025 कोतवाली पुलिस को सूचना देकर बताया कि उनका पुत्र राज दीवान कक्षा छह से 11 तक राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल अजमेर (राजस्थान) में पढ़ा है। वर्ष 2024, कक्षा 11वीं में बेटे के स्कूल द्वारा अवगत कराया गया कि राज दिवान 11वीं में फेल हो गया है। वह बेटे के स्कूल गए और बातचीत की। वहां पर क्लास टीचर जेके शर्मा मिले और झांसा दिया कि वह बच्चे को 12वीं और एनडीए दोनों में एडमिशन करवा देगा। उत्तराखंड के देहरादून जाने को कहा और बताया कि वहां पर उनके मित्र रजनीकांत शर्मा मिलेंगे। इस पर वह मिले और रजनीकांत शर्मा ने वर्ष 2024-25 में 12वीं में एडमिशन एवं एनडीए उत्तीर्ण कराने की गारंटी दी। इसके एवज में 449500 रुपये लिए। निर्धारित समय बीतने के बावजूद बेटे का न तो 12वीं में प्रवेश कराया गया, न ही एनडीए से संबंधित कोई कार्रवाई हुई। जब रुपये वापस मांगे तो धमकी देकर भगा दिया।

कोतवाली पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। लंबे समय से आरोपी रजनीकांत शर्मा पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पा हा था। उसका न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी किया गया। टीमों ने सुरागरसी की और फिर 21 फरवरी को आरोपी को गोवा के कोलवा थाना क्षेत्र के एसके रेजिडेंसी से गिरफ्तार कर लिया। गोवा न्यायालय से आरोपी की 72 घंटे की ट्राजिट रिमांड स्वीकृत की गई थी। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

# आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** संत रविदास एवं डा. बीआर अम्बेडकर सेवा संस्थान में सोमवार को हुई बैठक में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

नगर के मेला मैदान रोड स्थित संस्थान अध्यक्ष शिव भगवान की अध्यक्षता में हुई बैठक में भारतीय संविधान निर्माता डा बीआर अम्बेडकर की जयंती पर नगर के प्रमुख मार्गों पर ट्रैक्टर ट्रालियों व बाइक से शोभा यात्रा निकाले जाने, संस्थान में समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान होंगे। संचालन मंत्री रामकुमार गौतम ने किया। बैठक के बाद संस्थान के पदाधिकारी व गोला बॉर एसोसिएशन के अध्यक्ष राम कुमार गौतम के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत कर बधाई दी गई। बैठक में गोला बॉर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संतराम गौतम, मूलचंद वर्मा, गौरव शर्मा, जगदीश वर्मा, साहब सिंह, अमित शुक्ला, दिनेश प्रताप सिंह, संदीप सक्सेना, राहुल जायसवाल, पवन गिरि, मनोज पांडे, राजकुमार कश्यप, दिनेश मेहरोत्रा, गोवर्धनलाल राठौर, सगीरुद्दीन, तुलसीराम गौतम, मूलचंद मित्रा, बराती लाल चौधरी, सुरेन्द्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।


बार अध्यक्ष का सम्मान करते शिवभगवान।

